इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 286 राजनांदगांव, गुरूवार 04 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## 22 सितंबर से लागू होंगी नई जीएसटी दरें, अब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत स्लैब, 90 फीसदी सामान होंगे सस्ते

नई दिल्ली। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक बुधवार को नई दिल्ली में शुरू हुई. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी. वित्त मंत्री साफ किया कि अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब होंगे, जो 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे. मतलब अब 12 और 28 फीसदी के जीएसटी स्लैब को खत्म कर दिया गया है और इनमें शामिल ज्यादातर चीजें सिर्फ मंजूर किए गए दो टैक्स स्लैब के अंदर आ जाएंगी. इसके चलते कई सामान सस्ते हो जाएंगे. हालांकि, विलासिता और हानिकारिक वस्तुओं के लिए एक अलग स्लैब को मंजूरी मिली है, जो 40 प्रतिशत का है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा फोकस देश के आम आदमी पर है. किसानों से लेकर लेबर तक को ध्यान में रखते हुए स्लैब कम करने को मंजूरी दी गई है और बैठक में शामिल सभी सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों ने इस फैसले का समर्थन किया.समय की मांग को समझते हुए सभी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देने में अपनी पूरी सहमति जताई.



### ये सामान होंगे सस्ते

यूएचटी दूध, छेना पनीर, पिज्जा ब्रेड, रोटी, पराठा को अब जीरो जीएसटी स्लैब में डाला गया है और इन पर कई जीएसटी नहीं लगेगा. इसके अलावा कॉमनमैन और मिडिल क्लास को बड़ी राहत देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि शैंपू, साबुन, तेल समेत रोजमर्रा में घरों में इस्तेमाल होने वाले सामानों के अलावा नमकीन, पास्ता, कॉफी, नूडल्स पर अब 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा. इसके अलावा कार, बाइक, सीमेंट पर अब 28 फीसदी की जगह 18 फीसदी टैक्स लागू होगा. टीवी पर 28 फीसदी से 18 फीसदी जीएसटी हुआ, तो वहीं 33 जीवन रक्षक दवाईयों को जीएसटी के दायरे से बाहर किया गया है. इनमें तीन कैंसर की दवाएं भी शामिल हैं.

### 22 सितंबर से सस्ती हो जाएंगी तमाम चीजें

उत्तरप्रदेश के वित्त मंत्री ने बिजनेस टुडे से खास बातचीत के दौरान बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए 5-18 फीसदी के जीएसटी स्लैब को मंजूरी मिलने की जानकारी दी. इसके साथ ही उन्होंने साफ किया कि काउंसिल की बैठक में लिए गए सभी फैसले 22 सितंबर से लागू होंगे यानी इस तारीख से तमाम चीजें सस्ती हो जाएंगी. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते 15 अगस्त को जीएसटी रिफॉर्म को लेकर की गई थी, जिसके बाद ये पहली काउंसिल बैठक थी, जिसमें बड़े फैसले लिए गए हैं. अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत जीएसटी काउंसिल द्वारा मंजूर किए गए प्रस्ताव पर नजर डालें, तो जीएसटी के मौजूदा चार स्लैब को कम करके दो कर दिया गया है. 12 प्रतिशत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राज्यपाल का कानून बनाने में कोई रोल नहीं: बंगाल, तेलंगाना, हिमाचल की सुप्रीम कोर्ट में दलील

नई दिल्ली। विधानसभा से पास बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सरकारों ने विधेयकों को रोककर रखने की विवेकाधिकार शक्ति का विरोध किया।



राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला

राज्यों ने कहा कि कानून बनाना विधानसभा का काम है, इसमें राज्यपालों की कोई भूमिका नहीं है। वे केवल औपचारिक प्रमुख होते हैं। राज्यों ने कहा- केंद्र सरकार कोर्ट के डेडलाइन लागू करने के फैसले को चुनौती देकर संविधान की मूल भावना को कमजोर करना चाहती है।

चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते। अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी।

### पश्चिम बंगाल: जनता की इच्छा को रोका नहीं जा सकता

पश्चिम बंगाल के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, अगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है, तो उन्हें उस पर हस्ताक्षर करना ही होगा। सिब्बल ने तर्क दिया कि संविधान की धारा-200 में गवर्नर के लिए संतोष (सैटिस्फैक्शन) जैसी कोई शर्त नहीं है। उन्होंने कहा, या तो वे बिल पर हस्ताक्षर करें, या उसे राष्टपति को भेज दें। लगातार रोके रखना संविधान की भावना के खिलाफ है। अगर गवर्नर मनमर्जी से बिल अटका दें तो यह लोकतंत्र को असंभव बना देगा। हिमाचल सरकार के वकील आनंद शर्मा ने कहा, संघीय ढांचा (फेडरलिज्म) भारत की ताकत है और यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। अगर गवर्नर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बांध टूटने से आई बाढ़ में सास-बहू समेत 4 की मौत; 3 लापता

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक बांध टूटने से हाहाकार मच गया। जलाशय में भरा पानी रास्ते में आने वाले 2 घरों को अपने साथ बहा ले गया। इस घटना में 7 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है, जिनमें 6 लोग एक ही परिवार के हैं।



पुलिस ने देर रात तीन लाशें बरामद कर ली। मृतकों में सास-बहू भी शामिल हैं। वहीं, दो बच्चों समेत 1 ग्रामीण अभी तक लापता है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

### 45 साल पहले बना था बांध


बांध टूटने की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। गांव के लोग भी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। यह हादसा बलरामपुर के विश्रामनगर स्थित धनेशपुर गांव का है। 1980-81 में यहां जलाशय बनाने के लिए बांध का निर्माण किया गया था। बलरामपुर में स्थित यह बांध दोनों तरफ से पहाड़ से घिरा हुआ है। लगभग 10-12 साल पहले यह जलाशय लीक होने लगा था, जिसकी मरम्मत करवाई गई थी। शुरुआती जांच में बांध टूटने की वजह मूसलाधार बारिश बताई जा रही है।

### बारिश के कारण टूटा बांध

छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में लगातार बारिश के कारण जलाशय पानी से लबालब भर गया था। इससे पानी बाहर निकल रहा था और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रम्प बोले-भारत हमें टैरिफ से मार रहा है, उन्होंने 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ इसलिए लगाया है, क्योंकि लंबे समय तक दोनों देशों के बीच 'एकतरफा रिश्ता' था।



वे हमसे व्यापार कर रहे थे, क्योंकि हमने चार्ज नहीं वसूला

एक प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने कहा कि भारत, अमेरिकी सामानों पर 100त्न टैरिफ लगाता है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसकी वजह से अमेरिका और भारत के व्यापार में असंतुलन पैदा हो गया है। ट्रम्प ने उदाहरण देते हुए बताया कि अमेरिकी कंपनी हार्ले डेविडसन भारत में मोटरसाइकिल नहीं बेच पा रही थी, क्योंकि भारत ने 200त्न टैरिफ लगाया हुआ था। इस वजह से कंपनी ने भारत में ही एक प्लांट बनाया, जिससे अब उसे टैरिफ नहीं देना पड़ता। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका द्वारा भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद आर्थिक तनाव बढ़ा है और इसके साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर भारत को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ झेलना पड़ रहा है। ट्रम्प ने फिर से अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए इसे 'जंग सुलझाने वाला हथियार' बताया। उन्होंने कहा कि इस नीति की वजह से अमेरिका को 'बातचीत की बेहतरीन ताकत' मिलती है। ट्रम्प ने टैरिफ को बातचीत के लिए एक जादुई हथियार कहा और दावा किया इसके जरिए उन्होंने 7 जंग रोकी हैं। ट्रम्प ने बाइडेन प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अमेरिका दुनिया की रीढ़ है और उनके पहले चार सालों में उन्होंने इसे बेहद मजबूत बनाया था, लेकिन बाइडेन प्रशासन ने इसे कमजोर कर दिया, लेकिन अब उनकी टैरिफ नीति से अमेरिका आर्थिक रूप से सबसे ताकतवर बन गया है। ट्रम्प ने दावा किया कि ज्यादा टैरिफ की वजह (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## निलंबन के 24 घंटे बाद के. कविता का बीआरएस से इस्तीफा, चचेरे भाईयों पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली। तेलंगाना की सीनियर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने पार्टी से निलंबन के बाद पहली बार चुप्पी तोड़ी है। के. कविता ने बुधवार, 3 सितंबर को भारत राष्ट्र समिति (BRS) और अपने विधान परिषद (MLC) पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के साथ ही उन्होंने परिवार के भीतर गहराते मतभेदों पर भी खुलकर बयान दिया और चौंकाने वाले आरोप लगाए।



### निलंबन के एक दिन बाद पार्टी से दिया इस्तीफा

कविता को मंगलवार को पार्टी से अनुशासनहीनता और 'विरोधी गतिविधियों' के आरोप में निलंबित किया गया था। इसके अगले ही दिन यानी 3 सितंबर को उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया।

### भाई KTR को किया आगाह

कविता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने अपने भाई और BRS वर्किंग प्रेसिडेंट के.टी. रामा राव को कई बार आगाह किया था कि पार्टी और परिवार के खिलाफ टी. हरीश राव और संतोष राव साजिश रच रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हरीश राव ने चुनावों में KCR और KTR को हराने के लिए अभियान को फंड किया।

### परिवार को तोड़ने का लगाया आरोप

कविता ने कहा, KCR Garu और KTR Garu मेरा परिवार हैं। हमारा रिश्ता खून से है और यह रिश्ता किसी पद या निलंबन से नहीं टूटना चाहिए। लेकिन कुछ लोग सिर्फ अपने राजनीतिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## स्टेट पावर कंपनीज के संयुक्त मुख्यालय का शिलान्यास: समारोह में मुख्यमंत्री साय के साथ शामिल हुए विधायक अनुज शर्मा



खरोरा। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के संयुक्त मुख्यालय भवन का शिलान्यास सीएम विष्णु देव साय ने किया। इस कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय के साथ विधायक अनुज शर्मा भी शामिल हुए। रजत जयंती वर्ष और गणेश चतुर्थी जैसे पावन अवसर पर यह कार्य सम्पन्न हुआ। सीएम श्री साय ने विधिवत पूजा-अर्चना की और भवन का थ्री-डी मॉडल अनावृत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को नई ऊँचाई देगा, तीनों पावर कंपनियों के बीच समन्वय को मजबूत करेगा और उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे सभी सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। उन्होंने इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। छत्तीसगढ़ की 25 वर्षीय यात्रा यह प्रमाण है कि जब संकल्प और संवेदनशीलता साथ चलें तो परिणाम ऐतिहासिक होते हैं। वर्ष 2000 में प्रदेश केवल 1400 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था, आज यह क्षमता बढ़कर 30 हजार मेगावाट हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में 1320 मेगावाट क्षमता के नए संयंत्र का शुभारंभ इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने वाला है।

### यह नागरिक के विश्वास, मेहनत और भागीदारी का परिणाम

उन्होंने आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ की यह प्रगति हर नागरिक के विश्वास, मेहनत और भागीदारी का परिणाम है। हाल ही में सम्पन्न उनकी जापान और दक्षिण कोरिया यात्रा ने यह अनुभव कराया कि छत्तीसगढ़ अब वैश्विक स्तर की अधोसंरचना और कार्यसंस्कृति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त मुख्यालय भवन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भवन का निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, ताकि यह ऊर्जा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बने। वही विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि यह नया मुख्यालय केवल एक भवन नहीं होगा। बल्कि सौर ऊर्जा के उत्पादन और संरक्षण की दिशा में भी नए युग की शुरुआत करेगा। इससे आने वाले समय में हर घर तक उजाला और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रूस ने यूक्रेन पर हमले बढ़ाए, 500+ड्रोन लॉन्च-मिसाइलें भी दागीं; जेलेंस्की ने मांगी मदद

कीव। रूस ने मंगलवार देर रात यूक्रेन पर अब तक का बड़ा हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रूस ने 500 से ज्यादा ड्रोन और करीब दो दर्जन मिसाइलें एक साथ दागीं। इस हमले का सबसे ज्यादा निशाना नागरिक ढांचा, खासतौर पर ऊर्जा संयंत्र बने हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सर्दियों का मौसम नजदीक आ रहा है और तीन साल से जारी युद्ध ने यूक्रेन की बिजली और हीटिंग व्यवस्था को पहले ही बुरी तरह प्रभावित कर रखा है।



यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमले का केंद्र पश्चिमी और मध्य यूक्रेन रहा। इस दौरान कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यह हमला रूस की दम दिखाने की कोशिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि व्लादिमीर पुतिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह दिखाना चाहते हैं कि उन पर कोई अंकुश नहीं है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा, पुतिन अपनी निर्दयता और दंड से बचने की मानसिकता दिखा रहे हैं। रूस की यह आक्रामकता इसलिए जारी है क्योंकि उसकी युद्ध अर्थव्यवस्था पर पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय दबाव नहीं है। अब समय आ गया है कि रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं। जेलेंस्की ने अपने मंगलवार शाम के वीडियो संदेश में बताया कि रूस की तरफ से ड्रोन हमलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, और अब दिनदहाड़े भी हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी सेना ने मोर्चे के कुछ इलाकों में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विक्ट्री डे परेड में माओ जैसी ड्रेस में पहुंचे राष्ट्रपति जिनपिंग; कहा- हम डरते नहीं, आगे बढ़ते हैं

बीजिंग। दूसरे विश्व युद्ध में जापान की हार के 80 साल पूरे होने पर चीन में बुधवार को विक्ट्री डे परेड मनाया गया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राजधानी बीजिंग के थियानमेन चौक पर परेड की सलामी ली। जिनपिंग के भाषण के बाद सैन्य परेड निकाली गई।



चीन ने अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइलें दिखाई

जिनपिंग ने कहा कि चीन किसी की धमकियों से नहीं डरता और हमेशा आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने लोगों से इतिहास याद रखने और जापान के खिलाफ लड़ने वाले सैनिकों को सम्मान देने की अपील की।

BBC ने बताया कि परेड में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल्स, YJ-21 एंटी-शिप क्रूज मिसाइल और JL-3 पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल शामिल थी। वहीं DF-5C न्यूक्लियर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का एडवांस वर्जन 6F भी दिखाया गया। यह मिसाइल अमेरिका तक मार सकती है।

यह चीन की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य परेड है। परेड से पहले शी जिनपिंग के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन समेत दुनिया के 25 देशों के नेता मंच पर दिखाई दिए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बीजिंग इस परेड के जरिए यह साबित किया कि वह अमेरिका का विकल्प है और दुनिया में गैर-पश्चिमी देशों का नेतृत्व करने की ताकत रखता है। भारत के पड़ोस से पाकिस्तानी PM शहबाज शरीफ, पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर, नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू परेड में मौजूद रहे।

## टेक्नालाजी के बाद अब फार्मा कम्पनियों को ट्रम्प झटका देंगे दवाओं पर 200 प्रतिशत टेरिफ लगायेंगे

वाशिंग्टन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टेरिफ लगाया है तभी से दोनों देशों के बीच के संबंधों में कड़वाहट आयी है। ट्रम्प के इस निर्णय से भारतीय निर्यातकारों को करारा झटका लगा है। ऐसी स्थिति में ट्रम्प ने अब अमेरिका में दवाओं पर 200 प्रतिशत अथवा इससे अधिक टेरिफ लगाकर भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र को भी झटका देनें की योजना बनायी है।

दूसरी ओर, ट्रम्प के साथ टेरिफ विवाद के बीच भारत को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार करने की उम्मीद है। इसके लिए, भारत अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है ऐसा वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल ने गत दिन कहा था।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्मार्टफोन उत्पादक एपल सहित की टेक्नालाजी कम्पनी को भारत के बदले अमेरिका में निवेश करने के लिए दबाव डाला है। अब ट्रम्प ने अमेरिका में आयात होनें वाली दवाओं पर 200 प्रतिशत जितना भारी टेरिफ लगाने की योजना बनायी है। यद्यपि, सूत्रों के अनुसार ट्रम्प सीधे तो नहीं किन्तु चरणबद्ध टेरिफ डालें, ऐसी संभावना है। इस निर्णय के पीछे ट्रम्प का आशय दवाओं के उत्पादन को विदेशों में से वापिस लाना है। ट्रम्प दवा कम्पनियों को अमेरिका में उत्पादन के लिए एक से डेढ़ साल तक का समय देगा, ऐसी संभावना है।

यद्यपि, दवाओं पर भारी टेरिफ के संभावित निर्णय से विश्व में जेनेरीक दवाओं का महत्वपूर्ण निर्यात प्रभावित होगा, और भारत को इससे बड़ा नुकसान होगा। भारत के दवा निर्माताओं पर इसका प्रभाव पड़ेगा।

यद्यपि, कई रिपोर्ट्स के अनुसार ट्रम्प की नजर भारत के साथ चीन में से आयात होनें वाली दवाओं और उसके कच्चे माल (एपीआई) पर भी है। अनेक सूत्रों के अनुसार ट्रम्प दवाओं पर टेरिफ लगाकर अमेरिका में मैन्युफेक्चरिंग बढ़ाना चाहते हैं। ट्रम्प के दबाव में जानसन एंड जॉनसन और रोस जैसी फार्मा कम्पनियां उनके उत्पादन की इकाई को अमेरिका में स्थानांतरित कर सकती है। इसके लिए वे तैयार भी हैं।

दूसरी ओर, अमेरिका के विशेषज्ञों और फार्मा उद्योगों का मानना है कि भारी टेरिफ का विपरीत प्रभाव भी हो सकता है। जिससे अमेरिका में दवाओं की कीमतों में बढ़ौतरी हो सकती है। दवाओं की कमी भी हो सकती है। ट्रम्प के टेरिफ के निर्णय से विशेष रूप से जेनेरीक दवाओं पर सीधा असर पहुंचेगा।

वैसे, भारत और अमेरिका ने अभी तक पांच चरणों का वार्तालाप पूरा कर लिया है। छठवें वार्तालाप के लिए अभी तारीख तय होनी है।

## बस्तर में स्वास्थ्य सेवा के लिए क्रांतिकारी कदम: बनेगा 200 करोड़ की लागत से 240 बिस्तरों का हाई-टेक सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में बुधवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच लाइसेंस समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह अनुबंध प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, राज्य सरकार का लक्ष्य है- आदिवासी अंचलों सहित प्रदेश के हर नागरिक तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचे। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पूर्व इस अस्पताल के निर्माण की शुरुआत की गई थी और आज जब छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है, तब इस एमओयू का होना ऐतिहासिक महत्व रखता है। गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर हुआ यह समझौता प्रदेशवासियों के लिए शुभ संकेत है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि, बस्तर क्षेत्र के (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का बौद्ध समाज ने जताया आभार



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. विधानसभा के नवनिर्मित परिसर में 25 फीट ऊंची भारतरत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का अनुसूचित जाति, जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समाज में सहृदय आभार व्यक्त किया है। बौद्ध समाज के वरिष्ठ एवं भाजपा कार्यकर्ता विनोद श्रीरंगे ने कहा पूर्व में समाज के द्वारा डॉ. रमन सिंह को अवगत कराया गया था। विधानसभा परिसर में डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने समाज द्वारा अनुरोध किया गया था। विनोद श्रीरंगे ने बताया समाज के इस मांग को संज्ञान में लिया और उसे सार्थक रूप से प्रतिमा स्थापित करने में अपना भरपूर प्रयास किया। यह निर्णय संविधान निर्माता के प्रति हमारी कृतज्ञता प्रतीत होता है। साथ ही साथ आने वाली पीढ़ियों के लिये प्रेरणा का आधार स्तंभ बनेगा। विनोद श्रीरंगे ने कहा यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि छ.ग. की नवीन विधानसभा परिसर में भारतरत्न डॉ.भीमराव आम्बेडकर को स्थान दिया गया। इसे विशेष रूप से पूरे प्रदेश के अनुसुचित जाति, अनुसुचित जन जाति समाज को सम्मान प्राप्त हुआ है। इस संवेदशील पहल से छ.ग. विधानसभा की गरिमा और बढ़ेगी। यह प्रतिमा हमें निरंतर सामाजिक न्याय, सामानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाती रहेगी।

### क्वांर नवरात्रि मेले के तैयारी हेतु 11 को बैठक

राजनांदगांव (दावा)। माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में 11 सितम्बर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### पदयात्रियों की सुविधा हेतु 13 को बैठक

राजनांदगांव (दावा)। माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में पदयात्रियों की सुविधा व्यवस्था हेतु अंजोरा से अछोली डोंगरगढ़ तक सेवा केन्द्रों की स्थापना एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में 13 सितम्बर को दोपहर 12 बजे डोंगरगढ़ में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### रेडक्रास सोसायटी ने बस्तर जिले में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 500 नग मच्छरदानी भेजी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की पहल पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव द्वारा एवं उदयाचल समाज सेवी संस्था के सौजन्य से बस्तर जिले में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए भारतीय रेडक्रास सोसायटी बस्तर को 500 नग मच्छरदानी भेजी गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन, रेडक्रास सोसायटी के अन्य सदस्य तथा उदयाचल समाज सेवी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे।


### मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ के पत्रों की अनदेखी-जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष भानुप्रताप यादव ने लेख किया है की उनके द्वारा ग्यारह बार जिला प्रशासन को विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने पत्र लिखा गया है परन्तु मान्यता प्राप्त संघ के पत्रों की अनदेखी की जा रही है। जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक विगत कई वर्षो से नहीं होने के कारण कर्मचारीयों एवं अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, क्रमोंन्नति, सेवा निवृत्त उपरांत देय स्वत्वों का भुगतान समय पर नहीं होने, पेंशन प्रकरण, मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता देयक, मातृत्व अवकाश, संतान पालन अवकाश भुगतान समय पर नहीं होने, विभागीय जांच प्रकरण निपटारा समय पर नहीं होने से कर्मचारीयों मे आक्रोश व्याप्त है।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रतिनिधियों को तीन माह मे परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने निर्देश है (विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 8-2/1-9/2006 दिनांक 27 अक्टूबर 2006 में दिए निर्देश अनुसार) उक्त निर्देश अनुसार शीघ्र बैठक बुलाने कलेक्टर दुर्ग को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष दुर्ग एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन दुर्ग मीडिया प्रभारी भानुप्रताप यादव ने किया है।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
01st Sep to 04th Sep 2025




Param Sundari - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Dantela (C.G) - 12:00 pm
War 2 - 06:00 pm
Coolie - 12:00, 03:15 and 09:15 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 3 खेल
फिल्म की लंबाई होने के कारण समय पर ध्यान दें
दन्तेला
हॉरर फिल्म
शो समय : 11.45 दिन में, 3.45 दोपहर व 8.30 रात में



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 650 तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन से किया रवाना

### प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में भारी उत्साह एवं खुशी का क्षण

### जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए किया विदा





राजनांदगांव (दावा)। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज रेल्वे स्टेशन राजनांदगांव से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 650 तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया। राज्य शासन की महत्वपूर्ण श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में भारी उत्साह एवं खुशी का क्षण रहा। जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए विदा किया गया।

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सदियों से प्रभु श्री राम की महिमा जनमानस में व्याप्त है। अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर स्थापित होने के बाद दर्शनार्थियों को अयोध्या जाकर दर्शन करने की इच्छा होती है। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप निःशुल्क प्रभु श्री रामलला दर्शन कराया जा रहा है। पिछले वर्ष 26 ट्रेनों के माध्यम से 22 हजार 100 से अधिक दर्शनार्थियों को दर्शन कराया गया। इस वर्ष अब तक 6 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने दर्शन का लाभ लिया है और आगे लगातार दर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों के दर्शन से हम सभी को दर्शन का लाभ एवं पुण्य मिलेगा।

प्रदेश के 850 से अधिक दर्शनार्थी दर्शन करके आएंगे तो 85 हजार लोगों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री राजेश अग्रवाल ने सभी दर्शनार्थियों को तीर्थ यात्रा के लिए मंगलकामना एवं शुभकामनाएं दी।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि भगवान श्री राम जिनका मामा गांव छत्तीसगढ़ है और यह कौशल प्रदेश है। केन्द्र एवं राज्य शासन की हमेशा इच्छा रही है कि पर्यटन, देशाटन होता रहे।

उन्होंने प्रभु श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि दूसरी बार यहां से तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया जा रहा है। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## महापौर ने किया भगवान गणपति के दर्शन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण

### पंडाल में देश प्रेम, स्वदेशी अपनाओं, संस्कारवान शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण का जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है



राजनांदगांव (दावा)। बाल रत्न मंच सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित शर्मा ने बताया कि संस्कारधानी में 10 दिवसीय आनंद-उमंग गणपति महोत्सव बाल रत्न सेवा समिति रामाधीन मार्ग के 32 में इस वर्ष के आयोजन स्वयंसेवक के रूप में भगवान विघ्नहर्ता की सेवा में छोटे-छोटे नन्हे बच्चों कि सहभागिता एवं संपूर्ण कार्यकारिणी के सहयोग से भगवान विघ्नहर्ता की 15 फीट ऊंचाई की भव्य आकर्षक विशालकाय प्रतिमा राजाधिराज महाराजा जी के रूप में विराजमान है। यह आकर्षण छवि भक्तों को मंत्र मुग्ध कर रही है। 11000 दीप से सुसज्जित दीपमालिका में देश भक्ति से ओतप्रोत जन जागरण अभियान पंडाल परिसर में चलाया गया।

स्वदेशी अपनाओं, हाथ से हाथ बढ़ाओं, कदम से कदम मिलाओं, भारत को आत्मनिर्भर बनाओ, प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है प्रकृति के संरक्षण में पेड़ का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण को बचाने हेतु पॉलिथीन मुक्त भारत अभियान पंडाल परिसर में चलाया जा रहा है। संस्था द्वारा महापौर मधुसूदन यादव का दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत संस्था के वरिष्ठ मार्गदर्शक राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, रितेश यादव, सहकोषाध्यक्ष करण अग्रवाल, सहसचिव दिनेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल द्वारा किया गया। विजेताओं को महापौर मधुसूदन यादव द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। पंडाल परिसर में पांच दिवसीय प्रतिदिन संध्या 7 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों भक्त प्रतिदिन प्रसाद प्राप्त कर रहे हैं। मुख्य अतिथि नेहा गुप्ता, विशेष अतिथि शिव वर्मा, द्वारा प्रसाद वितरण में सेवा दी गई। उक्त जानकारी सचिव चैतन्य अग्रवाल ने दी।

## एम्स-विशेषज्ञों द्वारा नीरज पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर



**राजनांदगांव (दावा)। नगर तथा जिले की ख्यातिलब्ध शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री में दिनांक 30.08.2025 को विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता लाने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सराहनीय व प्रशंसनीय पहल किया गया।**

इस शिविर में डॉ. तन्मय मोतीवाला के निर्देशन में एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों के आँख, कान, दाँत, ब्लड-टेस्ट, ब्लड-प्रेशर आदि स्वास्थ्य का परीक्षण किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिए एवं संतुलित आहार, हरी सब्जियाँ एवं नियमित दिनचर्या में व्यायाम को जीवन-शैली में शामिल करने का सुझाव दिया साथ ही उन्हें जंक-फूड न खाने की सलाह भी दी।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन निदेशक मंडल के चेयरमेन संतोष अग्रवाल, मैनेजिंग डॉयरेक्टर कमलेश उभरानी, नीरज बाजपेयी, संतोष कांकरिया, प्रीतक बाजपेयी, राजेश जैन ने शिविर का निरीक्षण कर इसकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने इसे बच्चों के सुखद भविष्य की पहल बताते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है और भविष्य में भी शाला इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा।

## गणेश विसर्जन झांकी एवं ईद पर्व के मद्देनजर आदतन 10 आरोपियों को भेजा जेल




राजनांदगांव (दावा)। शहर की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा के अंतिम दिनों अनंत चतुर्दशी के दिन शहर में निकलने वाली भव्य गणेश विसर्जन झांकी के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने व ईद पर्व के मद्देनजर शहर के 10 आदतन बदमाशों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है और न्यायालय ने पेश कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत उन्हें जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि लम्बे अरसे से फरार चल रहे 4 आरोपी गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इन बदमाशों में रत्नेश सिंह ठाकुर पिता

### प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत हुई कार्रवाई

स्व. भगत सिंह ठाकुर उम्र 25 साल निवासी ब्राम्हण पारा, राजेन्द्र राजपुत पिता स्व. भगत राजपूत उम्र 28 साल निवासी ब्राम्हण पारा, शंकर रजक पिता बसंत रजक उम्र 25 साल निवासी बासपाई पारा, बबला देवांगन पिता मकसुदन देवांगन उम्र 45 साल निवासी चौखडिया पारा, सन्नी यादव पिता सुरज यादव उम्र 25 साल निवासी नंदई यादव पारा, आशिफ खान पिता गुलाम खान उम्र 22 साल निवासी सागर पारा, सूर्यकांत गोड़ पिता लक्ष्मण गोड़ उम्र 31 साल निवासी किल्लापारा, विरेन्द्र कुर्रे पिता स्व. सुखनाथ कुर्रे उम्र 25 साल निवासी कौरिनभाठा, मो. अफजल पिता युसुफ खान उम्र 23 साल व प्रेमदास मानिकपुरी पिता कमलेश मानिकपुरी उम्र 20 साल निवासी दिग्विजय कालेज रोड है। इसी तरह गिरफ्तारी वारंटी के आरोपी यशवंत ढीमर पिता राजु ढीमर उम्र 33 साल निवासी सागर पारा, सुनील देवांगन पिता संतोष देवांगन उम्र 22 साल निवासी सागर पारा, सौरभ यादव उर्फ बबलु पिता संतोष देवांगन उम्र 20 साल निवासी सागर पारा के नाम शुमार है। निरीक्षण एमन साहू ने बताया कि बसंतपुर पुलिस द्वारा गणेश विसर्जन झांकी पर्व एवं ईद के दौरान शहर के चौक चौराहों, शहर के भीड़-भाड़ एवं भीतरी इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों पर सतत् निगाह रखी जा रही है।

### युगांतर के दो विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय फीडे रेटेड शतरंज में शानदार प्रदर्शन



राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र कुशाग्र गुप्ता कक्षा छठवी तथा केतन गुप्ता कक्षा आठवी ने राज्य स्तरीय जूनियर फीडे रेटेड शतरंज चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 2.5 अंक, 2 अंक अर्जित किया। विगत दिवस यह चैम्पियनशिप छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में कोरबा में आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, शतरंज कोच राम प्रसाद तथा प्रबंध समिति ने इन दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक लोकेश कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू उम्र 35 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम गोपलिनचुवा तह. अं. चौकी जिला- मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे पुत्री गाव्या के नाम से पूर्व में भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें नाम के स्थान पर काव्या अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तू मेरे पुत्री के नाम से बना जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर गाव्या अंकित है उक्त नाम सही है। इसलिये उक्त नाम को आधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूं। इस ईस्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान-अं.चौकी, दिनांक-03/09/2025

**आवेदक**
**लोकेश कुमार साहू**
**निवासी ग्राम गोपलिनचुवा**
**तह.-अं. चौकी**
**जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) राजनांदगांव,जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र.5048/ अविअ/प्रवा-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 27/08/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वृंदा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर पवन कुमार गोयनका पिता बजरंग लाल गोयनका, निवासी 5बी,जजेस कोर्ट रोड, अलीपुर, कोलकाता, वेस्ट बंगाल द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम बिरेझर पटवारी हल्का नंबर 61, खसरा नंबर 11/7 रकबा 2.3060 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 05/09/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 27/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायाल की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ. ग.)**
**//निविदा सूचना//**

क्रं. 825/निविदा/ लोक-11/2025-26, राजनांदगांव दिनांक 01/09/2025
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | महापौर निधि अंतर्गत वार्ड नं.08 मोतीपुर सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य। | 6.03 | 23-09-25 |
| 2 | महापौर निधि अंतर्गत वार्ड नं.10 निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के शेष कार्य को पूर्ण करने बाबत् | 5.00 | 23-09-25 |
| 3 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं.40 में नाली निर्माण कार्य। | 0.75 | 23-09-25 |
| 4 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं.25 गुड़ाखू लाईन स्थित शौचालय मरम्मत कार्य। | 1.50 | 23-09-25 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि निविदा, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn. com&http:// www.uad. cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आ.क्रं. 98/जनसंपर्क/25

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202508094500019**

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी: राजस्व
सन:- 2024-2025 मानिकपुर प.ह.नं. 00014(हे.) पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- छबिलाल गोड़, अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक छबिलाल गोड़ पिता यादोराम गोड़ जाति गोड़ निवासी ग्राम मानिकपुर, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक की माता शैलेन्द्री गोड़ पिता यादोराम गोड़ जाति गोड़ की मृत्यु दिनांक 15.07.2020 को स्थान ग्राम मानिकपुर में हुई है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत धनडोंगरी में संधारित मृत्यु पंजी/रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक द्वारा अपनी माता शैलेन्द्री गोड़ पति यादोराम गोड़ जाति गोड़ की मृत्यु दिनांक 15.07.2020 को ग्राम पंचायत धनडोंगरी में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत धनडोंगरी में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा में सचिव/सरपंच द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) ग्राम पंचायत धनडोंगरी, जिला-राजनांदगांव का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पेश कर निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 10.09.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.08.2025 को जारी किया गया।

**कमल किशोर साहू**
**तहसीलदार, लाल बहादुर नगर(छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
3-5-7
268-6 489-1
राजधानी
2-4-0
169-6 379-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**नाम परिवर्तन**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्री का नाम लक्षिता निर्मलकर (LAKSHITA NIRMALKAR) से बदलकर नया नाम लक्षिता बजरंग (LAKSHITA BAJRANG) कर लिया हूँ। अतः मेरी पुत्री को नये नाम लक्षिता बजरंग से जाना-पहचाना-पुकारा एवं भविष्य में समस्त शासकीय /अर्धशासकीय दस्तावेजों में नया नाम ललिता बजरंग (LAKSHITA BAJRANG) दर्ज किया जावें। उक्त नाम परिवर्तन सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन करने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। सूचना जाने।**

शपथकर्ता
**नरेन्द्र कुमार बजरंग**
**पिता श्री चतुर सिंह बजरंग**
**निवासी कन्हारपुरी, वार्ड नंबर 34**
**तह. व जिला -राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं...... अ-6 (अ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ले/ग्राम वासी ग्राम खैरझिटी, प.ह.नं.-20 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नेश्वरी सिन्हा पति कपिल सिन्हा निवासी ग्राम खैरझिटी तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम खैरझिटी प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. खैरझिटी तहसील व जिला राजनांदगाव में स्थित की भूमि खसरा नं. 977/3 रकबा 0.053 हे0 में से रकबा 0.020 हे. भूमि क्रेता विदेशी लाल सिन्हा आ. आशाराम सिन्हा जाति कलार को विक्रय किया गया है। वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख आवेदित खसरा नं 977/3 रकबा 0.0530 हे. भूमि विदेशीलाल सिन्हा आ. आशाराम सिन्हा के नाम पर दर्ज होना प्रदर्शित हो रहा है जबकि रकबा 0.020 हे. भूमि का ही विक्रय किया गया है जो कि ऋण पुस्तिका में दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि के ऑनलाईन अभिलेख दुरूस्त कर नक्शा बटांकन किये जाने के संबंध में जांच हेतु इस न्यायालय को ज्ञापन प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 10/09/2025 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनाक 02/09/2025
सुनवाई दिनांक 10/09/2025

**नायब तहसीलदार**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

# गंज मंडी बालाजी मंदिर से डोला यात्रा का शुभारंभ, नौका विहार देखने उमड़े श्रद्धालु

## रानीसागर में हुई जलक्रीड़ा का मधुसूदन यादव ने किया स्वागत

## पूजा अर्चना कर कोमल सिंह राजपूत ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया





राजनांदगांव (दावा)। भाद्रपद शुक्ल एकादशी, जिसे डोल ग्यारस के नाम से जाना जाता है, के पावन अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान राधाकृष्ण एवं बालकृष्ण की भव्य डोला यात्रा निकाली गई। आज 03 सितंबर, बुधवार को नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री बलदेव राधाकृष्ण मंदिर (किला मंदिर), श्री राम जानकी बाला बाबा मंदिर, श्री मोतीनाथ मंदिर, श्री बलभद्री जमात मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्री स्वामी जुगलकिशोर बड़े जमात मंदिर, श्री नोनीबाई मंदिर एवं श्री जलाराम मंदिर से भगवान राधाकृष्ण व बालकृष्ण सजधज कर डोले एवं रथों में विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले।

इस अवसर पर भगवान की पूजा-आरती पूर्व मंडी उपाध्यक्ष एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के साथ रविन्द्र वैष्णव, रवि सिन्हा, सुमित भाटिया, नाभिताभ जैन, संजय सोनी, संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया न.नि. नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा की गई। तत्पश्चात उनके कर-कमलों से डोला यात्रा का शुभारंभ हुआ।

### भक्तों को दर्शन देने अपने मंदिरों से निकले ठाकुर जी

बता दें कि भादवा शुक्ल पक्ष की एकादशी को अपने-अपने मंदिरों से डोले व आकर्षक रथ पर सवार होकर निकले लड्डू गोपाल भगवान व भगवान श्री राधाकृष्ण का दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इससे रानी सागर में मेले जैसा माहौल बना रहा। ठाकुर जी के नौका विहार से पहले रानी सागर तट पर श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन के गान हवाओं में तैरते रहे तत्पश्चात ठाकुर जी की पूजा-अर्चना कर विग्रह को आकर्षक रुप से सजे नौके में विराजित किया गया। इस दौरान पंडित-पुजारियों वैदिक मंत्रों का उच्चार करते रहे।भगवान लड्डू गोपाल व श्री राधाकृष्ण जी आकर्षक रुप से सजे नौके में सवार होकर देर तक जल क्रीड़ा करते रहे। इस आनंदमयी क्षण को देखने लोगों की खासी भीड़ रही जिन्हें पंडित-पुजारियों दधारा खीरा पंजीर, ककड़ी आदि प्रसादी उछाल-उछाल कर बांटते रहे। जिसे प्राप्त कर भक्तो ने अपने आप में धन्य महसूस किया।

### रानीसागर में जल क्रीड़ा उत्सव देखने उमड़े श्रद्धालु

बता दें कि पहले रिसायत काल में रानी सागर में जल क्रीड़ा उत्सव की धूम हुआ करती थी। रियासत समाप्त होने के बाद यह उत्सव लगभग बंद हो चुका था। जिसे जल क्रीड़ा महोत्सव समिति द्वारा फिर से प्रारंभ किया गया और विगत कई वर्षों से भादवा शुक्ल एकादशी के दिन भगवान लड्डू गोपाल श्री राधाकृष्ण जी का धूमधाम के साथ जल क्रीड़ा उत्सव मनाया जा रहा है।

इस महोत्सव में श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री राम जानकी बाला बाबा मंदिर, श्री बलभद्र जमात मंदिर, श्री मोती नाथ मंदिर, श्री जलाराम मंदिर, श्री बल्देव राधाकृष्ण किला मंदिर, स्वामी जुगल किशोर बड़े जमात मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पंडित पूजारी शामिल रहे। इसके साथ सनातन धर्मियों के घरों में विराजित भगवान लड्डू गोपाल व श्री राधाकृष्ण जी को भी पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ रानी सागर में नौक विहार हेतु लाया गया था। जिसमें मुख्य रुप से नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले, श्री जलाराम मंदिर के पंडित मनोज शुक्ला, पं. कालू महराज, पं. दिलीप वैष्णव, पं. डोमन दास महाराज, पं. महेंद्र दास आदि पंड़ित-पूजारियों की उपस्थिति बनी रही। भादवा शुक्ल की एकादशी को सभी मंदिरों से जल क्रीड़ा उत्सव के लिए बोले मैं निकले ठाकुर जी सबसे पहले बाजे-गाजे के साथ गंज चौक स्थित बालाजी मंदिर पहुंचे। वहां से कतार बद्ध होकर ठाकुर जी के डोले शहर भ्रमण करते हुए सीधे रानी सागर पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुजनों ने ठाकुर जी के डोले के नीचे से निकल कर आनंद की अनुभूति की। कहा जाता है कि इससे लोगों के कष्ट हर जाते हैं।जल क्रीड़ा महोत्सव समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, लक्ष्मण लोहिया, सुरेश अग्रवाल, भगवान झा, राहुल अग्रवाल, ओम प्रकाश शर्मा, अरुण खंडेलवाल, सौरभ खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जन उपस्थित थे।

# गणपति सेवा पंडाल में हुआ वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

## लक्ष्मी नगर कॉलोनी गणेश उत्सव समिति में लगातार हो रहे नए आयोजन

## पहले दिन आर्केस्ट्रा फिर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और फिर भजन संध्या में झूमे कॉलोनीवासी



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पास इलाके लक्ष्मी नगर कॉलोनी में गणेश उत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। समाज से जुड़े हर वर्ग के लोगों को गणेश उत्सव से जोड़ने के लिए कालोनी निवासी लगातार रोज नए आयोजन कर रहे हैं। गणपति बप्पा की स्थापना के दिन से ही रोजाना संध्या आरती के बाद समाज को एक सूत्र में जोड़े रखने के लिए नित्य नए आयोजन कर रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी नगर कॉलोनी गणेश उत्सव समिति ने समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए गणेश पंडाल में रोजाना संध्या आरती के बाद एक अलग आयोजन कर रहे हैं। इनमें पहला दिन आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के लोगों को भक्ति की धुन में अपनी आवाज लोगों तक पहुंचाने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इस मंच के माध्यम से समाज के हर तबके को गणेश उत्सव से जोड़ने की कोशिश की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और भक्ति रस में डूबे हुए गीत संगीत आनंद लिया।

### वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

आयोजन की श्रृंखला में दूसरे दिन शहर के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस कड़ी में शहर के वरिष्ठ नागरिक श्रीमती लव शुक्ला, श्रीमती आशा झा, अनिल मिश्रा, श्रीमती पुष्पा बवेजा, श्री ग्वालू, श्रीमती रामबाई साहू, श्रीमती शशि ठाकुर, श्रीमती सरस्वती बक्शी, श्रीमती आशा मांझेवर, श्रीमती रुक्मणी साहू, बीआर साहू सहित अन्य का सम्मान किया गया है।

### भजन संध्या में झूमे कॉलोनी वासी

मंगलवार को भजन संध्या के आयोजन किया गया। इस आयोजन में भजन में रुचि रखने वाले लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही गोंदिया से आई भजन संध्या की टीम ने भी अपनी जोरदार प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर कॉलोनी के निवासी मंत्र मुक्त हो गए। गणेश उत्सव के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के संजय बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा वीरांगना अध्यक्ष सुषमा सिंह, अमित झा, प्रकाश शुक्ला, मनीष मेजरवार का विशेष सहयोग रहा।



## सनसिटी में हरिद्वार से निकली मां गायत्री रथ के पूजन में उमड़े श्रद्धालु

राजनांदगांव (दावा)। जिले में इन दिनों हरिद्वार से पूरे देश भर के लिए निकली अखंड ज्योति रथ का खूब अभिनंदन व पूजा-पाठ किया जा रहा है। अखंड ज्योति रथ का दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। उक्त रथ का संस्कारधानी नगरी में भी आगमन हुआ, जिसके भव्य रुप से स्वागत अभिनन्दन किया गया और आरती पूजा पाठ कर श्रद्धालु ने श्रद्धा से अपने शीष नवाएं।

# मित्र मंडल के आयोजन में प्रस्तुति देने आज आएंगे सुप्रसिद्ध गायक प्रमोद त्रिपाठी



**बुधवार को सदर बाजार में आयोजित होगा कार्यक्रम**

राजनांदगांव(दावा)। देश के सुप्रसिद्ध गायक प्रमोद त्रिपाठी आज सदर बाजार में मित्र मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। प्रमोद सारेगामापा में प्रतियोगी रह चुके हैं। उनके कई भजन काफी लोकप्रिय हैं। यह कार्यक्रम गुरुवार की रात 7.30 बजे सदर बाजार में ही आयोजित होगा। पदाधिकारियों ने बताया कि, इस आयोजन की तैयारियां अंतिम चरणों में है।

समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि, आठ वर्षों से सदर बाजार में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। पहले ही वर्ष से यहां की प्रतिमा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। इस बार यहां सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है जो कि 15 फीट की है। इसे थनौद के मूर्तिकार राधे चक्रधारी ने तैयार किया है। साथ ही पंडाल की सजावट प्राचीन हिंदू मंदिरों की तर्ज पर की गई है।

मित्र मंडल की विशेषता है कि, समिति द्वारा भगवान गणेश की उपासना के पूरे 11 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बीते 29 अगस्त को यहां आस्था मूक बधिर संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा भगवान की पूजन-आरती की गई। इसके बाद भंडारे में प्रसादी वितरण के बाद समिति की ओर से बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। इससे पूर्व 27 अगस्त को स्थापना अनुष्ठान के बाद गंगा आरती की गई।

इस दौरान सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 31 अगस्त को भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। 1 सितंबर को नवमी तिथि पर भगवान गणपति की महाआरती गई। गणपति को छप्पन भोग भी निवेदित किए गए। दुर्ग की प्रसिद्ध धुमाल पार्टी नाना साहेब ने अपनी प्रस्तुति दी। समिति ने जानकारी दी कि, 11 दिनों तक यहां नित्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रसाद में अलग-अलग व्यंजनों का भोग लगाए जाने के बाद 6 से 7 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव नगर निगम के 6 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति आदेश सौंपा



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड राजनांदागंव में आज आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह ने नगर निगम के दिवंगत कर्मचारियों के 6 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज निगम में कार्यरत 6 दिवंगत कर्मचारियों के परिवार से अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति बहुत आवश्यक है, क्योंकि परिवार के मुखिया का यदि आकस्मिक निधन हो जाए तो परिवार के उपर हर प्रकार का संकट आ जाता है, अनुकंपा नियुक्ति मिल जाने से थोडी राहत मिलती है। जिन्हें आज नियुक्ति पत्र दी जा रही है, उनके उज्जवल भविष्य की मैं कामना करता हूॅ।

विधानसभा अध्यक्ष निवास में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों की उपस्थिति में दिवंगत कर्मचारी के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि आज नगर निगम के 6 आश्रितों क्रमशः कुणाल रगडे, श्रीमती शीतल रगडे, आयुष सोनी, पंकज बघेल, सुश्री पूजा बांसफोड़ एवं गोपीकृष्ण यादव को उनके दिवंगत पिता या पति के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अप्रेल 2025 से अब तक 17 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी गयी, कोशिश यह की जा रही है कि सभी आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति मिल सके। कार्यक्रम में निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित आश्रितो के परिजन उपस्थित थे।

# आज प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के प्रथम आगमन पर भाजयुमो चौराहों में करेगी भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। भाजयुमो के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का राजनांदगांव जिले में आज प्रथम आगमन हो रहा है। जिसे लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि सड़क मार्ग से दोपहर 12 बजे प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु नीचे छीरपानी परिसर पहुचेंगे तथा ऊपर मंदिर दर्शन उपरांत क्षेत्रीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। तत्पश्चात राजनांदगांव के लिए रवाना होंगे और ठीक ढाई बजे अम्बेडकर चौंक आगमन पर भाजयुमो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही दोपहर 3:30 बजे प्यारेलाल चौंक, 4 बजे महावीर चौंक से गुजरते हुए जिला भाजपा कार्यालय अभिवादन तथा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के वरिष्ठ नेतागण व पदाधिकारी सहित समस्त कार्यकर्ताओं की गरिमापूर्ण उपस्थिति रहेगी। उक्त जानकारी भाजयुमो जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी ने दी।

# विधानसभा अध्यक्ष के हाथों सोमनी में प्रारंभ होने जा रहा है नि:शुल्क ऑनलाइन जेईई नीट कोचिंग



राजनांदगांव (दावा)। जिले में नि:शुल्क जेईई और नीट की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए एक सुखद खबर जिला प्रशासन राजनांदगांव और स्कूल शिक्षा विभाग राजनांदगांव द्वारा प्रदान की जा रही है। जहां आज 4 सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के हाथों सोमनी हायर सेकेंडरी स्कूल में ऑनलाइन कोचिंग की शुरुआत होने जा रही है। कोचिंग में एक साथ जिले के 11 केंद्रों के 684 बच्चों एवं केंद्र के प्राचार्य और विषय विशेषज्ञ शिक्षक शामिल रहेंगे। साथ ही इस कोचिंग के माध्यम से बच्चों को जेईई नीट की बेहतर तैयारी के लिए एक मंच दिया जा रहा है, जिसमें नि:शुल्क शिक्षण सामग्री भी उनको प्रदाय की जा रही है तथा प्रति सप्ताह शनिवार और रविवार को केंद्रों में एवं शेष दिनों में उनके सब्सक्रिप्शन बच्चों के मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएं दी जाएगी। जिसके माध्यम से बच्चे अपनी तैयारी बेहतर कर पाएंगे। साथ ही शनिवार और रविवार को उनके डाउट्स क्लियर करने के लिए ऑनलाइन कोचिंग में आवश्यक मार्गदर्शन बीसीईटी भिलाई एवं फिजिक्स वाला कोचिंग सेंटर भिलाई के माध्यम से दिया जाएगा। कार्यक्रम के लिए आवश्यक सहयोग फिजिक्स वाला भिलाई एवं बीसीईटी संस्था भिलाई के द्वारा आवश्यक सामग्री एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा हैं। राजनांदगांव में यहां पहला अवसर है। जब इस तरह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बच्चों को एक मंच शासन स्तर पर जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा दिया जा रहा है। जिसकी विधिवत शुरुआत कल प्रातः 12:00 बजे विधानसभा अध्यक्ष के हाथों होने जा रहा है। आज के कार्यक्रम में जिले के सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, रामजी भारती, नीलू शर्मा प्रदीप गांधी, खूबचंद पारख दिनेश गाँधी, कोमल राजपूत, रविन्द्र वैष्णव और जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सरपंच तथा सभी पार्टी के वरिष्ठ नेतागण कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजक जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग है। जिन्होंने जिले के सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक इस नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग सुविधाओं का लाभ लेवें।

# आज विधानसभा अध्यक्ष विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज 4 सितम्बर को जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सुबह 11:45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम सोमनी पहुंचकर सायकल वितरण एवं नीट व जेईई क्लास का शुभारंभ करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12:45 बजे ग्राम सोमनी से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर सहकारी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर 2.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3:15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 3:30 बजे ग्राम सुकुलदैहान पहुंचकर भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शाम 4:30 बजे ग्राम सुकुलदैहान से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4:45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष रात्रि 8 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# उमंग गणेश उत्सव समिति हमाल पारा में चला स्वच्छता अभियान

## आयुक्त ने दिलाई स्वच्छता अपनाने शपथ



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत 27 अगस्त से 9 सितम्बर 2025 तक राज्यव्यापी स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 का आयोजन किये जाने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा गणेश पण्डालों के आस पास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करना है। इसी कडी में आज महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर उमंग गणेश उत्सव समिति हमाल पारा में समिति के पदाधिकारियों के साथ निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित पार्षदों की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सफाई के अंतर्गत साफ सफाई कर, झिल्ली पन्नी उठाया गया। अभियान में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने उपस्थितजनों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने निगम व समिति के पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई कि हम अपने अंतःकरण से यह दृढ संकल्प करते है कि मैं स्वयं को एक स्वच्छ, स्वस्थ्य और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे 'स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान' के लिए पूरी निष्ठा के साथ समर्पित करते है, जिसमें हम अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेंकेगें न ही किसी को फेकने देंगे, हम अपने घरों का गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेंगे और नगर निगम की गाड़ी में ही डालेगें हम यह भी शपथ लेते है कि, सिंगल यूज प्लास्टिक एंव पॉलिथिन का उपयोग नही करेंगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे और अपने आसपास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे।

इस अवसर पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान का मुख्य उद्देश्य जन जागरूकता लाकर स्वच्छता से जन-जन को जोड़ना है तथा गणेश पण्डालों में स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करना, हस्त निर्मित उत्पाद और पारंपरिक सजावट की वस्तुए खरीदना, समिति के पास स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को अपने स्टॉल व आसपास साफ सफाई रखना, प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित स्थल पर प्रतिमा विसर्जित करना तथा विसर्जन उपरांत गणेशोत्सव पण्डाल स्थल पर साफ सफाई कर उनके वास्तविक स्वरूप में लाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी गणेशोत्सव समिति की होगी।

स्वच्छता अभियान में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी सदस्या व वार्ड पार्षद श्रीमती वर्षा सिन्हा, पार्षद सतीश साहू व अरूण साहू, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा व विजय राय के अलावा कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, उप अभियंता अनूप पाण्डे, तिलकराज ध्रुव, मुनेन्द्र साठिया, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, सहायक प्रभारी मिशन क्लीन सिटि पवन कुर्रे, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक देवेश साहू व कीर्तन साहू, प्र.स्वच्छता निरीक्षक सपन साहू के अलावा गणेश समिति के पदाधिकारी एवं निगम का अमला उपस्थित था।

# नेशनल टूर्नामेंट कबड्डी में छत्तीसगढ़ की टीम चैंपियन बनी





राजनांदगांव (दावा)। यूथ स्पोर्ट्स एजुकेशन फेडरेशन इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश के आगरा में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने कबड्डी में चैंपियन बनी। उक्त प्रतियोगिता में महाराष्ट्र,गुजरात,उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश सहित लगभग सभी प्रदेश के 14 साल की उम्र से लेकर 50 साल तक के पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ियों के द्वारा खेल के नियम और बेहद अनुशासन का पालन करते हुए ग्रुप खेल कबड्डी,खो खो, फुटबॉल, बॉलीबॉल, हॉकी एवं एकल खेल 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, कराटे में अपने अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी भावना के साथ खेला गया।

फिट इंडिया ऑर्गनाइजेशन के बैनर तले आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के टीम ने कबड्डी में शानदार फतेह हासिल कर राजनांदगांव जिले को गौरवान्वित किया। छत्तीसगढ़ की कबड्डी टीम खिलावन सिंह ठाकुर सहायक शिक्षक राजनांदगांव के अगुवाई में रामलाल साहू प्रधान पाठक कट्टहा नवागांव, हब्बू राम कंवर, दुवासू राम साहू, लेखराम वर्मा, सुनील सहित अन्य खिलाड़ी शामिल थे। चैंपियनशिप जीत के बाद मुख्य अतिथि मोहम्मद सादिक के हाथों टीम को विनिंग ट्रॉफी गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में रोहित बंसल पर्वत हूंन,सुधी चतुर्वेदी मौजूद रहे। उक्त टीम शिक्षा विभाग की बहुत ही बेहतरीन टीम थी। उक्त उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित के सी जी व राजनांदगांव के शिक्षकों ने विजेता टीम को बधाई दी है।

## अनमोल दावा

> **हमें अपनी ऊर्जा पुरानी बातों को याद करने में नहीं बल्कि वर्तमान को बेहतर बनाने के लिए करनी चाहिए।**

## गरीबों का सशक्त बनाने वाली जनधन योजना, महिला सशक्तिकरण के लिए भी मील का पत्थर साबित हुई

इसे विडंबना ही कहेंगे कि आजादी के 67 साल बाद भी देश के आधे परिवारों के लिए बैंकिंग तक पहुंच दूर का सपना था। वित्तीय सुरक्षा के अभाव में गरीबों के सपने कभी साकार नहीं हो पाते थे। तब भले ही बैंकों को गरीबों का हितैषी कहा जाता हो, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर उनका ढांचा गरीबों के अनुकूल नहीं रहा। देश में गरीबी की व्यापकता एवं उद्यमशीलता के माहौल में कमी का एक बड़ा कारण बैंकों तक गरीबों की पहुंच न होना रहा।

1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि अब बैंकों की चौखट तक गरीबों की पहुंच बढ़ेगी, पर समय के साथ यह उम्मीद धूमिल पड़ती गई। 2013 में रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने वित्तीय समावेशन पर नचिकेता मोर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। समिति ने सभी लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने के लिए अधिक व्यापक वित्तीय ढांचे की सिफारिश करते हुअ कहा कि चूंकि गरीब बचत करते हैं, इसलिए उनके लिए एक ऐसी सुरक्षित एवं ब्याज कमाने वाली औपचारिक योजना की जरूरत है, जिस तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

आजादी के 67 वर्षों तक जहां आम आदमी को आसानी से बचत खाता तक नसीब नहीं हुआ, वहीं भ्रष्ट नेताओं-नौकरशाहों-ठेकेदारों के बैंक खाते विदेशी बैंकों में खुले। बैंकों की सीमित पहुंच का दुष्परिणाम यह हुआ कि हर स?तर पर बिचौलियों-भ्रष्टाचारियों की भरमार हो गई। इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने यह कहकर स्वीकार भी किया था कि विकास के लिए दिल्ली से चला एक रुपया गरीबों तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा ही रह जाता है।

स्पष्ट है शेष 85 पैसा बिचौलियों-भ्रष्टाचारियों की जेब में जाता था। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास् के लिए आम जनता को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का जो बीड़ा उठाया था, उसी के तहत थी जनधन योजना। हर घर का पासबुक जैसा महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से पीएम जनधन योजना शुरू करने का ऐलान किया।

इस योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई और इस दिन बैंकों ने गरीबों का खाता खोलने के लिए देश भर में 60,000 शिविर लगाए। पहले ही दिन देश भर में डेढ़ करोड़ बैंक खाते खोले गए। इस कामयाबी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने 28 अगस्त को च्वित?तीय स्वतंत्रता दिवसज्ज् करार दिया। आम तौर पर गरीबों की हितैषी वाली योजनाएं शुरू में तो धूम-धड़ाके के साथ होती हैं, लेकिन बाद में वे भ्रष्ट तत्वों के जीने-खाने का जरिया बन जाती हैं, परंतु जनधन योजना के साथ ऐसा नहीं हुआ। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के चलते 2014 के पांच महीनों में दस करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गए, जो एक विश्व रिकार्ड है।

गरीबों को बैंकिंग प्रक्रिया से जोड़ने की यह गति अभी भी जारी है। पिछले 11 वर्षों में 56.16 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं। इनमें से 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध शहरी क्षेत्रों में खोले गए और 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इस प्रकार जनधन योजना वित्तीय समावेशन के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए भी मील का पत्थर साबित हुई। इन खातों में कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ है। इन खातों से जुड़े 38 करोड़ से अधिक रूपे कार्ड जारी किए गए हैं। इससे डिजिटल लेन-देन आसान हुआ है। एक तरह से इस योजना ने नकदी रहित भुगतान के लिए नींव का काम किया।

पीएम जनधन योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि हर स्तर पर भ्रष्टाचारियों-बिचौलियों का उन्मूलन हो गया। आज केंद्र सरकार की 327 सरकारी योजनाओं का पैसा प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जा रहा है। यदि केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों की योजनाओं को भी मिला लें तो कुल 1200 योजनाओं में से 1100 योजनाएं डीबीटी के दायरे में आ चुकी हैं। डीबीटी की सफलता में जेएएम यानी जनधन, आधार और मोबाइल का महत्वपूर्ण स्थान है। जेएएम के कारण ही भारत में डिजिटल पेमेंट का आंदोलन संभव हो पाया।

आज भारत में विश्व का 40 प्रतिशत रियल टाइम डिजिटल पेमेंट हो रहा है। इसीलिए भारत की डिजिटल क्रांति दुनिया भर में चर्चा का विषय बनी है। ब्लू क्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के एक अध्ययन के अनुसार भारत की डीबीटी प्रणाली कल्याणकारी कार्यक्रमों में रिसाव को रोककर देश को 3.48 लाख करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। रिपोर्ट में भी यह भी पाया गया कि डीबीटी के क्रियान्वयन के बाद से सब्सिडी आवंटन कुल सरकारी व्यय के 16 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत रह गया है, जो सार्वजनिक व्यय की दक्षता में एक बड़ा सुधार है। जनधन योजना को मिली अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए इस योजना के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने यह रेखांकित किया कि जब अंतिम छोर पर खड़ा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। उन्होंने इसे उचित ही भारत की वित्तीय क्रांति की नींव बताया।

# चीन-भारत के मिठास भरे संबंधों से नयी विश्व संरचना संभव



-ललित गर्ग-

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं तो यह उद्देश्यपूर्ण एवं वजहपूर्ण थी, क्योंकि बदलती दुनिया में हाथी और ड्रैगन का साथ-साथ चलना जरूरी हो गया है। दोनों शीर्ष नेताओं की सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच विश्व अर्थ-व्यवस्था के लिए भी नई संभावनाएं पैदा की हैं, चीन में दिखे दोनों देशों के मिठासभरे संबंध अनेक नई आशाओं एवं उम्मीदों को नया आकाश देने वाले बनते हुए प्रतीत हुए हैं। दोनों देशों के रिश्तों में लंबे समय बाद सकारात्मकता की नई हवा बहती दिखाई दे रही है। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात ने संकेत दिया है कि दोनों देश पुराने मतभेदों और अविश्वास को पीछे छोड़कर साझेदारी की नई इबारत लिखना चाहते हैं। यह मुलाकात केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं थी, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में सहयोग और संवाद की अपरिहार्यता को स्वीकार करने का प्रयास थी।

भारत-चीन दोनों ही विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। ऐसे में यदि दोनों साथ आते हैं तो न केवल आपसी विकास संभव है, बल्कि वैश्विक संतुलन और शांति की दिशा में भी ब?ा योगदान होगा। हालांकि सीमाई विवाद और विश्वास की कमी जैसे मुद्दे अब भी बने हुए हैं, परंतु यदि इन्हें परे रखकर साझा आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाए तो यह संबंध नई ऊँचाइयों को छू सकते हैं। भारत और चीन के बीच यह संवाद केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबदबे के बीच एशियाई शक्ति संतुलन को नई दिशा दे सकता है। यदि दोनों राष्ट व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाकर आपसी हितों पर ध्यान केंद्रित करें तो न केवल तनाव कम होंगे, बल्कि विश्व राजनीति में एशिया की भूमिका भी मजबूत होगी। निश्चित ही लंबे समय से चली आ रही आपसी अविश्वास की दीवारों और तनाव की बर्फ को पिघलाने का प्रयास हुआ है।



सबसे पहले, इन वार्ताओं ने यह संकेत दिया है कि भारत और चीन अब केवल मतभेदों में उलझे रहने के बजाय साझेदारी की संभावनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग की दिशा में नए आयाम खुल सकते हैं। चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यदि यह संबंध संतुलन और पारस्परिक विश्वास पर आधारित हो जाए, तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को अपार गति मिल सकती है। इस मुलाकात ने अमेरिका की ''दादागिरी'' पर भी चोट की है। डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक आर्थिक नीतियां और संरक्षणवादी रुख एशिया के उभरते राष्ट्रों को नई गठबंधन राजनीति की ओर धकेल रहा है। भारत-चीन के बीच बढ़ती समझदारी और रूस की भूमिका के साथ एक ''त्रिकोणीय शक्ति'' का उभार संभव है, जो पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देगा। यह न केवल शक्ति-संतुलन की नई धुरी बनेगा, बल्कि विश्व शांति और सौहार्द की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। पाकिस्तान पर भी इसका असर दिखना स्वाभाविक है। भारत-चीन की नजदीकी पाकिस्तान के लिए असुविधा का कारण बनेगी, क्योंकि उसकी विदेश नीति लंबे समय से चीन पर आश्रित रही है।

भारत-चीन संबंधों का यह नया अध्याय यदि संतुलित, यथार्थवादी और सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाया जाए तो एशिया ही नहीं, पूरे विश्व की राजनीति में एक स्थिरता और संतुलन स्थापित हो सकता है। यह विश्व को बहुध्रुवीय बनाने की दिशा में ठोस कदम होगा। लेकिन, इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद भारत को सावधानी बरतनी होगी। इतिहास गवाह है कि चीन के साथ हर मित्रवत वार्ता के पीछे उसका रणनीतिक हित गहराई से काम करता है। डोकलाम, गलवान और सीमाई विवाद आज भी अधर में हैं। चीन की आर्थिक नीतियों और विस्तारवादी प्रवृत्ति को अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसलिए यह साझेदारी अवसर तो है, लेकिन चुनौती भी। भारत को यह ध्यान रखना होगा कि व्यापारिक रिश्तों और राजनीतिक साझेदारी में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा सर्वोपरि रहे। भारत को हर स्थिति में अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और रणनीतिक हितों के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहिए। भले ही शंघाई सहयोग संगठन में आतंकवाद से ल?ना भी शामिल हो, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि चीन ने इस मुद्दे पर किस तरह भारतीय हितों के खिलाफ काम किया है। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर के समय चीन की भूमिका को ओझल नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके चीन भारत की निकटता वक्त की जरूरत है। 2020 में हुई गलवान घाटी की झड़प के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला चीन दौरा है। जाहिर है, दोनों देशों के रिश्तों के मद्देनजर यह सवाल महत्वपूर्ण था कि इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति कितनी दूर तक जाती है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ घोषणाओं से जो असामान्य हालात पैदा हुए हैं, उसने दोनों नेताओं की बातचीत की अहमियत को और बड़ा दिया। अमेरिका एवं चीन, अमेरिका एवं भारत के नये बने तनावपूर्ण माहौल में हुई मोदी और शी की इस बातचीत ने कई स्तरों पर पॉजिटिव संकेत दिए हैं। खासकर प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना अर्थपूर्ण है कि भारत और चीन दोनों ही देश सामरिक स्वायत्तता रखते हैं और इनके आपसी रिश्तों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ध्यान रहे, ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, उसके लिए एक तीसरे देश रूस के साथ भारत के रिश्तों को ही आधार बनाया गया है। इस बयान के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने यह परोक्ष संकेत दिया है कि सामरिक स्वायत्तता का सम्मान करते हुए ही द्विपक्षीय रिश्ते फल-फूल सकते हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात न केवल द्विपक्षीय रिश्तों को पुनर्परिभाषित करती है, बल्कि वैश्विक राजनीति पर भी गहरा असर डाल रही है। इस वार्ता को महड़ दो पड़ोसी देशों का संवाद मानना भूल होगी; यह इक्कीसवीं सदी के बदलते शक्ति समीकरणों का प्रतीक है, यह एक नये शक्ति का अभ्युदय दुनिया में संतुलन एवं शांति का सशक्त माध्यम बनेगा।

भारत, चीन और रूस के बीच बढ़ती नजदीकी वैश्विक शक्ति-संतुलन के नए युग की आहट देती है। यदि यह त्रिकोणीय शक्ति प्रभावी रूप से उभरती है, तो न केवल एशिया की आर्थिकी और सुरक्षा संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि विश्व में बहुध्रुवीयता की वास्तविक नींव भी रखी जाएगी। ऊर्जा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे क्षेत्रों में तीनों देशों का सहयोग पश्चिमी देशों की एकाधिकारवादी प्रवृत्ति को चुनौती देगा। खासकर रूस की सामरिक मजबूती, चीन की आर्थिक शक्ति और भारत का जनतांत्रिक एवं नैतिक प्रभाव मिलकर ऐसी नई धुरी रच सकते हैं, जो केवल शक्ति का संतुलन ही नहीं बल्कि शांति और सह-अस्तित्व की भी नई परिभाषा प्रस्तुत करेगी। इस नये शक्ति-संतुलन से छोटे और विकासशील देशों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि उन्हें अब केवल एक ध्रुवीय दबाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह स्थिति विश्व में लोकतांत्रिक संतुलन और समानता की भावना को प्रोत्साहित करेगी। यह शुभ संकेत है कि अब हाथी और ड्रैगन के साथ आने की संभावना रेखांकित की जाने लगी है। लेकिन उसके लिए अभी दोनों देशों को लंबी दूरी तय करनी होगी, बहुत सारे मतभेद और विवाद दूर करने होंगे। इसका अंदाजा दोनों पक्षों को है। तभी बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि मतभेद झगड़े में तब्दील नहीं होने चाहिए।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

### सवाल-जवाबः आलस्य शरीर में निवास करने वाला शत्रु, जिसे स्वयं आपने खड़ा किया है

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



आज की ज्ञान चर्चा में विवेक ने एक ऐसे जिज्ञासु को प्रश्न पूछने का अवसर दिया, जो अपने आलस्य के कारण परेशान था। उसने अपनी व्यथा बताते हुए आचार्य सत्यव्रत से प्रश्न पूछना प्रारंभ किया।

जिज्ञासुः मैं अपना कोई भी काम सही समय पर नहीं कर पाता हूँ। इसमें मेरी आलस्य की आदत का दोष है। आप इस आदत के छूटने के लिए कोई उपाय बताइए।

आचार्य सत्यव्रतः दोष आलस्य की आदत का नहीं, बल्कि आपका है।

जिज्ञासुः वह कैसे गुरुदेव?

आचार्य सत्यव्रतः इस आलस्य को किसी और ने नहीं, बल्कि स्वयं आपने पनपने दिया है। अगर आप इस पर नियंत्रण करते तो समस्या ही उत्पन्न नहीं होती। भर्तृहरि ने नीतिशतक में कहा है कि आलस्य मनुष्यों के शरीर में रहने वाला घोर शत्रु है।

जिज्ञासुः यह मेरे ही शरीर में रहने वाला शत्रु कैसे हुआ?

आचार्य सत्यव्रतः यह आपका नुकसान कर रहा है तो यह आपका शत्रु ही हुआ न? यह न सिर्फ आपका शत्रु है बल्कि स्वयं आपके द्वारा खड़ा किया गया शत्रु है। इस शत्रु को स्वयं आप ही मार सकते हैं और अपने से अलग कर सकते हैं, कोई दूसरा नहीं।

जिज्ञासुः वह कैसे गुरुदेव?

आचार्य सत्यव्रतः दो तरीकों से। सर्वप्रथम योजना बनाकर कि मेरे दिन का यह घंटा किस कार्य के लिए आरक्षित है। अगर प्रातः 5 बजे तक सोने का कार्य है, तो ठीक 5:00 बजे कोई दूसरा कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए। साथ ही 5.30 बजे या 6:00 बजे तक के लिए कोई दूसरा कार्य पूर्व निर्धारित रहना चाहिए और ठीक 5 बजे आपको बिना किसी छूट के बिस्तर से उठ खड़ा होना चाहिए। दूसरा है, आपके मन में दृढ़ संकल्प और इसका अनुपालन।

जिज्ञासुः समझ गया गुरुदेव । मैं प्रयत्न प्रारंभ करता हूँ।

(सवाल और जवाब केवल सुझाव के रूप में हैं। हर व्यक्ति और हर परिस्थिति के लिए समान रूप से इनका लागू होना आवश्यक नहीं है।)

## 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर बिसेस

### सिक्छक अउ गुरु

मदन मंडावी



अब लोगन कही सिक्छक अउ गुरु मा काय अंतर हे। अरे भई गुरु माने-'गुरु' अउ का..? अरे भई दूनो मा बियापक अंतर हे। इहाँ सिक्छक के मतलब पगार पाने वाला सिक्छा करमी ले हे, जेनमन इसकूल मा पढ़ाथें। अउ गुरु के मतलब परबचन देने वाला ले हे जेनमन 'आसरम' मा रइथे। सिक्छक के बेरा निरधारित हे, गुरु के नही। पहिली गुरु अउ सिक्छक मा कोनो अंतर नइ रिहिस हे दुनो के मतलब एके होवय। देवता मनके गुरु बिरहसपति, राक्छस मनके गुरु सुकराचार्य, पाण्डव मनके गुरु दोरनाचार्य, राम के गुरु बसिस्ट अउ बिस्वामित्र। अलग-अलग कुल अउ पंथ के गुरु तको मिलथे।

अब राक्छस अउ देवता मन एके जगा इसकूल मा पढ़त हे तबले गुरुजी मन ला सिक्छक माने जाथे। बाद मा लइका के बिचार तय करथे कि देवता बनना हे या राक्छस। अक्सर देखे जाथे कि पहिली कक्छा ले लेके कालेज तक पढ़इय्या मनला सिक्छक ही माने जाथे, बाद वाला मनहा गुरु। अब सिक्छक ल कई रूप ले जाने जाथें-गांव म गुरुजी, सरकार मा सिक्छक, निजी वालेमन ल आचार्य, ऊँचा इसकूल मा ब्याख्याता, अउ पोरोफेसर, फेर बाद मा इही हा सर-सरा के सर.. हो जाथे। गुरु चेला के महत्ता हे ड्ड सिक्छक रास्टर निरमाता हे, ता बिद्यार्थी देस के भविस्य हे। बस अतरा मा सबो चीज आ जाथे, तभो ले लोगन मन गुरु ला खोजत रहीथे। आधुनिक जुग मा सिक्छक गियान, बिग्यान के परकास ल फईलावत हे।

अभी वाले सिक्छक (गुरुजी) मन बिकट मिहिनत करत हें, सबो परकार के सिक्छा देवत हे, आखर गियान के संगे-संग आने-आने बिसय ला फरिया-फरियाके पढ़ावत हे। जीवन म कइसे सफल होना हे, आगू कइसे बढ़ना हे, दुनियादारी के गियान देय के संगे-संग बुद्धि के भरपूर बिकास करत हें। आज लइकामन पद, मान, परतिस्ठा पावत हें। धरती ले अगास मा उड़त हे। पढ़त - लिखत समे सिक्छक के जरूरत होथे। जेकर जिनगी मा ढूरू परे लगथे ओला गुरु के जरूरत होथे। अलग-अलग बिद्या सिखे बर अलग- अलग गुरु मिलथे। गुरु (गु+रु)-गु 'माने अंधियार अउ 'रु' मान-अंजोर। मतलब अंधियारी ले अंजोरी कोती ले जवइय्या मनला गुरु कहिथे। कुछ मनके मानना हे कि गुरु जनम-मरन के चक्कर ले मुकती देवाथे, आत्मा ला परमात्मा संग भेंट कराथे। जेकर जिनगी मा गुरु नइ हे वोहर भटकथे। कान फुकाके गुरु बनाए जाथे, मंतर पढ़ाए जाथे।

चेला ला गुरु के बराबरी करे के कोनो अधिकार नइ होय। लेकिन बिद्यार्थी ला सिक्छक ले बड़े बनके देखाए के पूरा-पूरा अधिकार हे। बिद्याथी-एसडीएम, कलेक्टर, तहसीलदार, रास्टरपती, परधानमंत्री तको बन सकत हे।

सिक्छक मनके बारे मा तो कमती फेर गुरु अउ संत मनके बारे मा कई ठिक बात कहे जाथे जइसे-गुरु बनाओ जानके...। गुरु गोविन्द दोऊ खड़े..। गुरु बरम्हा, बिसनु, महेस। बिन गुरु के गियान नहीं..। संत मनबर केहे जाथे ड्टीका बाना के धरे होत ना कोनो सन्त..। घाट- घाट मा पंडा बोले किसम-किसम के बानी..।

भारत पहिली गियान, बिग्यान परम्परा के नाव ले बिस्व गुरू रिहिसे तेन समे दुसर- दुसर देस के मन भारत देस मा पढ़े बर आवय। आज भारत मा गुरु-चेला (भगत)के अतेर भरमार होगे हे कि बिदेसी मनला इहाँ दाखिला नइ मिलत हे।

हमर देस के बढ़ीया नवा निरमान खातिर सिक्छक-बिद्यार्थी, गुरु अउ चेला मनला मिलके बिस्व इस्तरीय काम करना चाही।

**ढारा, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़।**

## लघुकथा

### // नियम //

लाल बत्ती के बूझते ही हरी बत्ती जली। एक स्कूटी वाला ट्रैफिक कांस्टेबल के सामने से निकल रहा था। कांस्टेबल ने उसे देख लिया। दौड़ कर उसे रोका। स्कूटी किनारे लगवाया; और स्कूटी के कागजात दिखाने के लिए कहा। चेक किया। बोला- ''इंश्योरेंस वाला डॉक्युमेंट्स कहाँ हैं आदरणीय!''

''नही है साहब। पर इंश्योरेंस करवाऊँगा ही। व्यस्तता के चलते नहीं हो पाया। निकलूँ मैं?'' स्कूटी वाले ने कहा।

''नहीं। आपका चालान कटेगा अंकल।'' कांस्टेबल चालान-बुक व पेन निकालने लगा।

''अरे छोड़ो न भाई। करवा लूँगा इंश्योरेंस। मेरा इधर आना-जाना लगा रहता है। हायर सेकेण्डरी स्कूल में टीचर हूँ। सब समझता हूँ भाई। हम शिक्षकों के लिए क्या इतना नियम?'' स्कूटी वाले ने अपना हेलमेट निकाला।

तभी उस स्कूटी वाले को देख कांस्टेबल झेंप गया। फिर मुस्कुराया- ''हर नियम सबके लिए एक जैसा होता है। अक्सर आप यही कहा करते थे सर। आप एन के देशमुख सर हैं, इंग्लिश टीचर। आपने पहचाना मुझे? मैं सुशील खुरश्याम हूँ। ग्राम बरही-साँकरा।''

कांस्टेबल की बातें सुन स्कूटी वाले ने अपने पैर पर झुके कांस्टेबल को उठाया। वह खुशी-खुशी चालान कटवा रहा था।



**टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''**
**व्याख्याता (अंग्रेजी)**
**घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)**

## सामयिक कहानी

### मुसीबत में फॅसे पवन खेड़ा

**बानी बोले ''आज खबर पढ़कर!**
**मुझे पता चला गजाधर!**
**राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर**
**किया जब जबर्दस्त वार**
**तो चुनाव आयोग ने भी किया**
**कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा पर**
**उतने ही जोर से पलटवार।**
**चुनाव आयोग ने पवन खेड़ा को,**
**दो निर्वाचन क्षेत्रों -**
**एक जंग पुरा विधानसभा क्षेत्र**
**और दूसरा नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र**
**की मतदाता सूची में अपना नाम**
**पंजीकरण करा रखने पर,**
**'कारण बताएँ नोटिस' जारी किया है।**
**और जवाब के लिए 8 सितम्बर की**
**सुबह ग्यारह बजे तक का समय दिया है।**
**तो गजाधर! अब पवन खेड़ा**
**जनप्रतिनिधित्व अधिनियम**
**1950 से कस गये हैं।**
**बड़ी मुसीबत में फँस गये है।**
**मुझे लगता है खेड़ा जी अपने बचाव में**
**घुमा फिरा कर जवाब दे देंगे।**
**इस पर गजाधर! आप क्या कहेंगे?''**
**गजाधर मुस्कराए, बोले-'बानी!**
**हम तो यही सोच रहे हैं कि**
**परेशान पवन खेड़ा जब अपने नेता**
**राहुल गांधी की तरफ देखेंगे,**
**तब हाइड्रोजन बम लाने वाले**
**राहुल गांधी जी क्या कहेंगे?''**



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल

**मेष** — इस राशि वालों के लिए आज का दिन ख़ास होने वाला है। आज आप व्यापार में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, घर में भौतिक सम्पन्नता बनी रहेगी। आज आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे घर में चहल - पहल बनी रहेगी । आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए ऑफिस में नियर से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप फैक्ट्री के वर्कर को उपहार देंगें, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठेंगें और वो मन लगाकर काम करेंगें। यह समय प्रेम भाव से अपना काम बनाने का है ऐसे में किसी से भी व्यर्थ बात करने से बचे। इस राशि के जो व्यक्ति अच्छी नौकरी की तलाश कर रहें हैं ,तो आज आपको आई. टी . कम्पनी से ऑफर मिलने के योग बन रहें हैं।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगें, जिनका लाभ लेकर आप भविष्य में बड़ा लाभ कमायेंगें। आज आप दूसरों के कल्याण की भावना से किसी काम की शुरुआत करेंगें , जो आपकी सामाजिक छवि को और मजबूत करेगा। आज आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का मन बना सकते हैं, आज किसी डीलर के माध्यम से आपको बढ़िया डील भी मिलेगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप किसी काम की शुरुआत करेंगें, जिसके माध्यम से दूसरों को भी रोजगार मिलेगा। आज आप जीवन में एक नया दृष्टिकोण अपनायेंगें, जिससे आपके जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज इस राशि के हेल्थकेयर में अपना करियर बना रहें व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आपको सीनियर से कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपने काम को समय से पूरा करने की कोशिश करेंगें, जिसमें आप जीवनसाथी की मदद ले सकते हैं। इस राशि के कॉम्पटीशन की तैयारी करने वाले छात्रों को आज अपने सीनियर से किसी विषय को समझने में आसानी रहेगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में ताल - मेल बना रहेगा , जीवनसाथी के साथ बेहतर समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्तों को मजबूती मिलेगी। आज जमीन जायदाद से जुड़े सारे काम निपट जायेंगे, जिससे आपके मन का बोझ कम होगा और आपका मन संतुष्ट रहेगा। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा, आप घर का डेकोरेशन भी कर सकते हैं।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप अपना पुस्तैनी कारोबार बहुत अच्छे से संभालेंगें, जिससे पिता को बहुत खुशी मिलेगी और गर्व भी होगा। आज आप व्यर्थ की बातों को छोड़कर अपने काम पर ध्यान देंगें, जिससे काम समय पर हो जायेगा। आज आप साफ मन से किसी की मदद करेंगें , जिसका आपको पॉजिटिव रिस्पांस मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपके काम से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन कर सकतें हैं, इसलिए आज आप अपना काम पूरी सावधानी से करें। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता दूसरो को प्रभावित करेगी जिससे आपको फायदा होगा। आज आपको कोर्ट - कचहरी से जुड़े मामलों में सर्तकता बरतने की जरूरत है, आप किसी अनुभवी वकील की मदद भी लें सकतें हैं।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापार में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, जिससे आपके परिवार में भौतिक साधनों की बढ़ोत्तरी होगी। आज आपका अटका हुआ कोई सरकारी काम, किसी अधिकारी की मदद से बन जाएगा। इस राशि के खेल - कूद से जुड़े छात्र आज किसी प्रतियोगिता में शामिल होंगें और आपको अच्छे रिजल्ट्स भी मिलेंगें।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके सोचे हुए अधिकतर कार्य पूरे होंगें और आप नए कार्यो की योजना बनायेंगें। आज आपके मन में बिजनेस को लेकर नए - नए आडियाज आयेंगें, इस बारें में आप किसी एक्सपर्ट की राय भी ले सकतें हैं। आज आप कुछ समय एकांत में बितायेंगें और आप अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगें।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा। आज आप वो पाने में सफल रहेंगें, जिसके लिए आपने कड़ी मेहनत की थी। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज का दिन आप पढ़ने-लिखने में बितायेंगें, आपका माइंड रिफ्रेश होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप व्यापार में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं, जिनका आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप बच्चों के भविष्य को लेकर, इन्वेस्टमेंट का प्लान भी तैयार करेंगें जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। आज आपके पड़ोसी के साथ रिश्तों में सुधार होगा, उनके घर आना - जाना होगा।

# जनपद की सामान्य सभा में किसान, मजदूरों की समस्याओं व स्कूलों में शिक्षकों की कमी के उठे मुद्दे



डोंगरगढ़(दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की सामान्य सभा की बैठक में मंगलवार को कांग्रेस के युवा जिलाध्यक्ष एवं दो बार के जनपद सदस्य महेश सेन ने जनहित से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी गंभीर समस्याओं को सरकार के सामने रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार केवल किसानों-मजदूरों को ठगने और व्यापारियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। सभा के दौरान महेश सेन ने सबसे पहले किसानों की खाद संकट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय किसानों को खाद की कोई दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन वर्तमान भाजपा शासन में किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। निजी क्षेत्र को 60 प्रतिशत और सहकारी समितियों को मात्र 40 प्रतिशत खाद उपलब्ध कराना सरकार की कथनी और करनी में अंतर को दर्शाता है। इसके कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही और फसल उत्पादन पर असर पड़ रहा है।

उन्होंने बीमा योजना से जुड़ी बड़ी समस्या की ओर भी ध्यान दिलाया। महेश सेन ने कहा कि डोंगरगढ़ क्षेत्र के कई गांवों के किसानों को चना फसल का बीमा अब तक नहीं मिला है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और बिगड़ रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत बीमा राशि किसानों तक पहुंचाई जाए। शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी महेश सेन ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, लेकिन शासन-प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की कि तत्काल शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। मनरेगा योजना पर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए महेश सेन ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय यह योजना गरीब मजदूरों की जिंदगी का सहारा बनी थी, लेकिन भाजपा सरकार बनते ही मनरेगा का फंड खत्म कर दिया गया। हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को रोजगार से वंचित करना भाजपा सरकार की किसान-मजदूर विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। सड़क और निर्माण कार्यों की स्थिति पर भी उन्होंने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

महेश सेन ने कहा कि जिन जगहों पर मरम्मत और पैचवर्क किया गया, वह केवल औपचारिकता थी। आज भी कई स्कूलों के पास बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सभा के अंत में महेश सेन ने कहा कि कांग्रेस सदैव किसानों, मजदूरों और आम जनता के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके हक की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने भाजपा सरकार से मांग की कि किसानों को खाद और फसल बीमा, मजदूरों को रोजगार और शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत राजनांदगांव 3 सितंबर को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, खनिज विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री सड़क विभाग, वन विभाग व विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला पंचायत सदस्यों द्वारा खाद्य विभाग द्वारा संचालित राशन दुकान व आंबटन को लेकर विस्तृत से चर्चा की गई। साथ ही कृषि विभाग के कार्यो पर चर्चा कर ग्रीष्मकालीन पर धान की फसल न बोकर दहलन तिलहन मक्का आदि का फसल चक्र परिवर्तन पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा ग्रीष्मकालीन में धान उपार्जन मुक्त जिला बनाने के कार्य से जिला पंचायत सीईओ द्वारा एक विशेष अभियान के तहत 8 सितंबर को जिला पंचायत में बैठक आहूत की गई है। जिसके बारे में भी चर्चा की गई जिसमें रबी के लिए दलहन, चना, मूंग, मसूर एवं उद्यानिकी फसल लगाने के उद्देश्य पर भी गंभीरता से चर्चा हुई। साथ ही उक्त बैठक में पानी की समस्या व पानी लाईन विस्तार के मुद्दे पर अहम चर्चा की गई। पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजना का मरम्मत के बाद टेस्टिंग कार्य व सींसी रोड के मरम्मत के विषयों को लेकर सदन में गंभीर चर्चा की गई जिस पर विभाग की ओर से जवाब आया की जहाँ-जहाँ पाइप लाइन विस्तार मे सी.सी. तोड़ा गया उसको मरम्मत की जवाबदारी ठेकेदार की है के संबंध मे चर्चा हुई।

पीडब्ल्यूडी विभाग के विषयों पर विभिन्न गांवों के सड़कों की मरम्मत के बारे में चर्चा की गई। जिसमें जिले के विभिन्न सड़क बजट में शामिल हैं। जिसका सर्वे व प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। जिसको लेकर विभिन्न चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, प्रशांत कोडापे, अनीता मंडावी, किरण बारले, गोपाल भुआर्य, शीला सिन्हा, देव कुमारी साहू, बिरम मंडावी, अंगेश्वर देशमुख, महेंद्र यादव व जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ अनीता सिन्हा, डोंगरगांव रंजीता पडौती, राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर व विधायक प्रतिनिधिगण मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह, देवेंद्र कौशिक उपसंचालक पंचायत व जिला पंचायत विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## गोवंश और किसानों को लेकर सरकार गंभीर नहीं - मदन साहू

डोंगरगाँव (दावा)। पूरे छत्तीसगढ़ में गौवंशों की दुर्दशा को देखते हुए जिले के किसान आज भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की महत्वाकांक्षी गोठान योजना को याद कर रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू का कहना है कि पहले गोठान योजना से न केवल किसानों को खाद व उर्वरक की सुविधा मिलती थी, बल्कि महिला स्व-सहायता समूहों को भी रोजगार मिलता था। अब स्थिति यह है कि किसानों को न खाद मिल रही है और न ही खुले में घूम रहे मवेशियों से उनकी फसल की सुरक्षा। श्री साहू ने किसानों की पीड़ा पर चर्चा करते हुए आगे बताया कि भूपेश सरकार के समय रासायनिक उर्वरकों की कमी को किसान कंपोस्ट खाद से पूरा कर लेते थे, गोठान से उन्हें गोबर बेचकर आय मिलती थी और वहीं से कंपोस्ट, केंचुआ खाद व गोमूत्र से बने जैविक उर्वरक भी सुलभ होते थे। महिला समूह सब्जी उत्पादन, रंगोली निर्माण, पेंटिंग और पशुपालन कर आत्मनिर्भर हो रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने आते ही पूरी योजना बंद कर दी जिससे किसान और महिला समूह दोनों को नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार पूरी तरह किसान और महिला समूह विरोधी है। आने वाले समय में किसान भाजपा सरकार को इसका जवाब जरूर देंगे। गांवों में खुले में घूम रहे मवेशियों ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। दिन-प्रतिदिन फसलें मवेशियों के चरने से बर्बाद हो रही हैं। वहीं सडक़ों पर आवारा पशुओं के कारण हादसों का खतरा बढ़ गया है। कई बार ट्रकों की चपेट में आकर गौ-वंश की मौत तक हो रही है। पंचायत प्रतिनिधि भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। न तो शासन द्वारा किसी प्रकार की अतिरिक्त राशि दी जा रही है और न ही मवेशियों को रखने के लिए पर्याप्त इंतज़ाम। कई गांवों में मवेशियों को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है। मदन साहू ने कहा कि यदि शासन-प्रशासन ने जल्द ही आवारा मवेशियों की सुरक्षा और किसानों की समस्या को दूर करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए तो किसान उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।



## कल हरदी में हवन पूजन व महाप्रसादी भंडारा



हरदी (दावा)। शिवनाथ वार्ड 51 हरदी में 29 अगस्त को माँ संतोषी की मूर्ति स्थापना किया गया। पंचमी श्रृंगार 2 को एवं 5 सितम्बर शुक्रवार को सुबह हवन पूजन-आरती का कार्यक्रम एवं शाम को महाप्रसादी भंडारा का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन जय मां संतोषी उत्सव समिति गांधी चौक एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से रखा गया है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के चन्द्रकृत साहू व शीव कुमार साहू ने दी।

## गणेश पंडाल पहुंचकर विधायक ने लिया आशीर्वाद, क्षेत्र के विकास एवं खुशहाली की मंगल कामना की



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ शहर में विराजित विभिन्न श्री गणेश पंडाल मे पहुंचकर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की विकास एवं खुशियाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित रहे।

## ग्राम कोलेन्द्रा में शोकाकुल परिवार से मिले भाजपा पदाधिकारी, दी सांत्वना



डोंगरगढ़/ढारा (दावा)। ग्राम कोलेन्द्रा-ठाकुरटोला में दो दिन पूर्व नाला में बह जाने से मिथिलेश वर्मा की मौत हो गई। इस घटना से पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है। मृतक के घर शोकाकुल परिवार का ढाढ़स बंधाने भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता गांव पहुंचे। पदाधिकारियों ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, महामंत्री रवि यादव, उपाध्यक्ष हेमकुमार साहू, किरीत वर्मा, गुलाब वर्मा, ईश्वरी ठाकुर, हरदेव वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य रखने की बात कही और संगठन की ओर से हर प्रकार की मदद करने का भरोसा दिलाया।

# कसारी गांव में गली-गली बिक रही अवैध शराब, हो रहा माहौल खराब




**0 पुलिस-आबकारी अवैध शराब बिक्री पर नहीं लगा पा रहा लगाम**
**0 आबकारी विभाग भी खामोश, थाना क्षेत्रों के गांव बने कारोबारियों के लिए बने सेफजोन**

ठेलकाडीह (दावा)। राजनांदगांव जिले के मोहारा चौकी क्षेत्र के गांवों में इन दिनों अवैध शराब का करोबार बेधड़क चल रहा है। हालांकि पुलिस छोटी मोटी कार्रवाई कर खानापूर्ति कर रहे है। पुलिस के द्वारा केवल पीने व सुविधा मुहैया कराने वालों पर ही कार्रवाई किया जा रहा है। जबकि अवैध शराब की खेप पहुंचाने व बेचने वालों के ठीहो तक नहीं पहुंच पा रहे है। जिसके चलते क्षेत्र के ग्राम कसारी में जमकर अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। ग्रामीणों की माने तो यहा अवैध शराब लोगों को सुबह से शाम तक आसानी से मिल जाता है। लेकिन हैरत की बात यह है कि पुलिस के अलावा आबकारी विभाग भी इस गांवों में झांकने तक नहीं जाता है। लोगों की शिकायत पर कभी-कभार पुलिस यदि पहुंच भी जाती है तो उन्हें दो चार पौवा के अलावा कुछ नहीं मिलता। जबकि इन गांव में कोचिए के द्वारा कही घर पर तो कही दुकान की आड़ में अवैध शराब परोस रहे है। गत दिनों ग्रामीण गांव का माहौल खराब होते देख बैठक आहूत कर मामले की शिकायत मोहारा चौकी में किया है। उक्त शिकायत में अवैध शराब बेचने वाले कोचिए के खिलाफ नामजत शिकायत की है। हालांकि पुलिस उक्त लोगों पर कार्रवाई करने की बात की है। लेकिन उक्त कार्रवाई लोगों के गले नहीं उतर रह है। बड़ी मात्रा में शराब बेचने वाले पर केवल दिखावे की कार्रवाई किया गया है।

### आम जनता को पता लेकिन पुलिस बेखबर

ग्रामीण बताते है कि जिस प्रकार से कसारी गांव के अलावा क्षेत्र के गांवो में आसानी से जब चाहे तब अवैध शराब मिल जाती है। इसके ठिकाने आम लोगों को पता है। लेकिन पुलिस इन ठिकानों से बेखबर है। यह बात लोगों की गले से नही उतरती है। आखिर पुलिस इन अवैध कारोबारियों तक क्यों नहीं पहुंच पा रही है। इनके खिलाफकार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। इसके भी अलग-अलग मायने निकाले जा रहे है। या यू कहे कि संबधित थाना क्षेत्रों में चढ़ोत्तरी का प्रसाद थमाकर यह कारोबार चल रहा है। हालांकि पुलिस छोटी मोटी कार्यवाही कर खानापूर्ति कर रहे है।

### अंडा चखना दुकान की आड़ में शराबखोरी

कसारी गांव में अवैध शराब का कारोबार होने से बाहरी लोगों का आवाजाही भी अधिक बढ़ गई है। उक्त अवैध शराब कोचिया किराए के मकान में यह पूरा कारोबार कर रहा है। अवैध शराब कारोबार करने के लिए उक्त व्यक्ति द्वारा बकायदा अंडा भजिया की दुकान लगाकर कारोबार चला रहा है। शिकायतकर्ता ग्रामीणों का कहना है कि विकास की रीढ़ की हड्डी हमारी युवा पीढ़ी नशे के वजह से अपना भविष्य अंधकार की ओर ले जा रहे है। गांव में यह कारोबार पूर्णतः बंद होने की मांग की है।

### ढाबा में अवैध शराब की बिक्री

कसारी गांव के अलावा सुकुलदैहान गांव भी इससे अछूता नही है। कसारी मार्ग में स्थित ढाबा में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। यहा शराबियों के लिए डिस्पोजल चखना फ्री का ऑफर देकर बकायदा ढाबा के पीछे हिस्सा में बार की तरह पीने पिलाने का खेल चलता है। शराबखारी करने वाले लोगों के लिए यह ढाबा सेफ माना जाता है। जबकि इसी मार्ग से होकर सैकड़ों स्कूली बच्चें व कॉलेज के छात्र-छात्राएं गुजरते है।

गांव में झगड़ा लड़ाई का मामला था। कसारी गांव के ग्रामीण चौकी आए थे। तीन लोगों की अवैध शराब बेचने की शिकायत किए थे। उसमें कार्यवाही किया गया है। ज्यादा मात्रा में शराब नही मिला।

**- मोहारा चौकी प्रभारी, ढालसिंग साहू**

# शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का आज शुभारंभ



**० आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से व्यापक सेवाएँ प्रदान करने का एक प्रयास है - बीएमओ डॉ सुचिता श्रीवास्तव**

डोंगरगढ़(दावा)। राज्य के रजत समारोह के पावन अवसर पर पुराने अस्पताल भवन में आरोग्य मंदिर में ओपीडी सुविधा का शुभारंभ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के करकमलों द्वारा किया जाना है। बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव द्वारा इस अवसर पर सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों, नागरिकगण, बंधु एवं भगिणी को सादर आमंत्रित किया गया हैं।

आरोग्य मंदिर में ओपीडी सुविधा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा किया जाना है। शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायिक, डोंगरगढ़, रामजी भारती पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष अनु.जाति आयोग एंव सुप्रसिद्ध संगठनकर्ता, रमन डोंगरे, अध्यक्ष न.पा. परिषद, डॉ. नेतराम नवरतन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधि. राजनांदगांव, जीवनदीप समिति के सदस्यगण हरजीत सिंह अरोरा, सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना, महेन्द्र भाई पटेल ट्रस्टी व पूर्व अध्यक्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति महेन्द्र अग्रवाल, सतीष तिवारी (श्याम), श्रीमती प्रतिमा खरे, जनपद सदस्य, हरिश मोटघरे, पार्षद एवं प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में शाम 4 बजे संपन्न होगा।

केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वास्थ्य सेवा के प्रति चयनात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़कर निवारक, प्रोत्साहनात्मक, उपचारात्मक, पुनर्वासात्मक और उपशामक देखभाल सहित व्यापक सेवाएँ प्रदान करने का एक प्रयास है। इसके दो घटक हैं जो एक-दूसरे के पूरक हैं। इसके पहले घटक के अंतर्गत 1,50,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाएँगे ताकि व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके, जो उपयोगकर्ताओं के लिए सार्वभौमिक और निःशुल्क होगी, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य और समुदाय के निकट सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करना है। दूसरा घटक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) है, जो द्वितीयक और तृतीयक देखभाल चाहने वाले 10 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विस्तारित श्रेणी की सेवाएं प्रदान करने की परिकल्पना की गई है, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं से आगे बढ़कर गैर-संचारी रोगों की देखभाल, उपशामक और पुनर्वास देखभाल, मौखिक, नेत्र और ईएनटी देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य और आपात स्थिति और आघात के लिए प्रथम स्तर की देखभाल, मुफ्त आवश्यक दवाओं और नैदानिक सेवाओं सहित शामिल हैं।

# साहू समाज ने एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को दिया समर्थन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) कर्मचारी संघ की 10 सूत्रीय मांगों को साहू समाज का समर्थन मिला है। मंगलवार को जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू से धरना स्थल पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित अन्य प्रमुख मांगों से अवगत कराया। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रखने में एनएचएम कर्मचारियों की अहम भूमिका है, लेकिन वर्षों से वे अनियमितता और वेतन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

इस मौके पर डॉ. साहू ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर सरकार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि साहू समाज सदैव कर्मचारियों व समाज के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

# जिले की अंतिम सीमा के वनांचल ग्राम गातापार जंगल से समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का शुभारंभ




खैरागढ़ (दावा)। समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का आयोजन जिले में मंगलवार 02 सितंबर से किया जा रहा है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का आयोजन 2 सितंबर से किया जा रहा है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चिन्हित वनांचल ग्राम गातापार जंगल से इस अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत की स्वास्थ्य सभापति अरुणा राजू बनाफर, सरपंच एवं उपसरपंच, पंचगण, विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकगण तथा स्वास्थ्य विभाग से वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी सह खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम की जिला सहायक नोडल अधिकारी दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव, नेत्र सहायक अधिकारी विनय रामटेके एवं अन्य अधिकारी सम्मिलित हुए। जिले में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारियों में दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव, कविता मेश्राम, पूर्णिमा चंदेल, गेमन देवांगन, देवेंद्र साहू एवं नरेंद्र निषाद तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भूआर्य शामिल हैं। शासकीय स्कूल गातापार जंगल में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणजन को नेत्र सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सभापति अरुणा राजू बनाफर ने उपस्थित जनों को नेत्रदान हेतु शपथ दिलाई। अभियान के तहत विद्यार्थियों की नेत्र दृष्टि जांच, आंखों की सुरक्षा संबंधी परामर्श तथा जागरूकता रैली आयोजित की गई। यह अभियान स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग एवं समन्वय से संचालित होगा। जिले के मिडिल स्कूलों के छात्र-छात्राओं की नेत्र दृष्टि जांच की जाएगी तथा दृष्टिदोष पाए जाने पर निःशुल्क चश्मा वितरित किया जाएगा।

# खेलों से अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व की भावना विकसित होती है - जि.प. अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर आसरा में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ ही जिला पंचायत सभापति जागृति यदु व जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजीता पडौती व प्रांतीय सदस्य विद्या भारती कृष्ण कुमार वैष्णव ग्राम आसरा के संपंच शरद वैष्णव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उक्त तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में मोहला मानपुर, खैरागढ़ छुईखदान व राजनांदगांव जिले के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रकार के जैसे- कब्बड्डी, खो-खो, गोला फेंक, बौद्धिक प्रश्नोत्तरी, रस्सी कूद जैसे खेलो में प्रतिभागी बने। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक बहुत ही जरूरी हिस्सा है। यह न केवल हमें स्वस्थ रखता है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी सिखाता है। बच्चे हों या बड़े, खेल सबके लिए जरूरी है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मज़बूत बनाता है। विशेष रूप से बच्चों के लिए, खेल अध्ययन के साथ-साथ जीवन के कई महत्वपूर्ण कौशल प्रदान करता है। टीम के खेल में भाग लेना, सहयोग, नेतृत्व और प्रतिस्पर्धा का अनुभव करना उन्हें सामाजिक कौशल विकसित करने में सहायता करता है। खेल के माध्यम से बच्चे न केवल अनुशासन और मेहनत का महत्व समझते हैं, बल्कि वे हार और जीत के अनुभव का सामना करना भी सीखते हैं। यह उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सहायता करता है। साथ ही कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में श्रीमति बूंदा वर्मा (अध्यक्ष जिला ग्राम भारती राज.) रोहित तारम प्राचार्य, रामदीन जगने, अर्जुन प्रसाद मिश्रा, बयन साहु, कमलेश्वरजी, जनक लादू, खेमन साहू, शेरसिंह चन्द्रवंशी, श्रीमती प्रभा साहू, श्रीमती भुमारी चन्द्रवंशी, जितेश्वरी दीदी, पुष्पा दीदी समेत शिक्षकगण व ग्रामवासी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# खैरागढ़ में संविदा पदों पर भर्ती, 18 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

खैरागढ़ (दावा)। आदिवासी विकास विभाग खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यालय आयुक्त, आदिवासी जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार यह भर्ती की जा रही है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक, वन अधिकार अधिनियम) के लिए 01 पद स्वीकृत है, जिसमें चयनित अभ्यर्थी को रूपये 30,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसी प्रकार एसआईएस सहायक (सहायक- वन अधिकार अधिनियम) के लिए भी 01 पद स्वीकृत है, जिसका मानदेय रूपये 20,000 प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। दोनों पदों की नियुक्ति अवधि प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की होगी। इन पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025 शाम 5:30 बजे निर्धारित की गई है। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि तक आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी आदिवासी विकास विभाग, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सूचना पट्ट एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

# अटल मानिटरिंग पोर्टल के मापदण्डों के अनुरूप सभी विभाग करें बेहतरीन कार्य-कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल के मापदण्डों के अनुरूप सभी विभाग बेहतरीन कार्य करें। उन्होंने अटल मानिटरिंग डेश बोर्ड के संबंध में जानकारी ली तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण के तहत नवनिर्मित मकानों को यथाशीघ्र आबंटित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण देने तथा लाभान्वित करने कहा। आयुष्मान वय वंदन कार्ड के अंतर्गत शेष रह गए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। खाता विभाजन एवं विवादित नामांतरण के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने शिविर लगाकर आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए घर-घर सर्वे करने की आवश्यकता है, ताकि कोई भी पात्र बालक एवं बालिका आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल वितरण योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही ऑनलाईन स्मार्ट क्लास रूम एवं कोचिंग क्लास का शुभारंभ करेंगे तथा



○ कलेक्टर ने खाता विभाजन एवं विवादित नामांतरण के प्रकरणों पर यथाशीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश
○ सीटी स्कैन मशीन के लोकार्पण तथा ट्रॉमा सेंटर के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारी के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

ग्राम सुकुलदैहान में स्वर्ण उपज के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ एवं ट्रॉमा सेंटर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति देने में आ रही दिक्कत को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक खातों में सुधार के साथ ही अन्य समस्या का समाधान करें। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सभी ग्रामों एवं समूहों का विलेज प्रोसपिरिटी रेसिलिएंस प्लान बनाकर ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कार्य किया जाना है। जिसके लिए विकासखंड स्तर पर समन्वय समिति का गठन करने के लिए कहा। इसके लिए कार्य प्रारंभ करने से पहले सभी स्टेकहोल्डर्स को जागरूकता एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने रामलला दर्शन योजना, स्वामित्व योजना, भू-बंटन के प्रकरणों की स्थिति, जल जीवन मिशन, पीएम स्वनिधि योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पशुपालन एवं मत्स्य पालन में केसीसी का लाभ हितग्राहियों को मिलना चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विलेज प्रोसपिरिटी रेसिलिएंस प्लान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए आयोजित बैठकों में सरपंच, महिला पंच, ग्राम संगठन पदाधिकारी, वीपीआरपी, सीआरपी, एएनएम, आशा वर्कर, स्कूल शिक्षक, ग्राम पंचायत के सम्मानित व्यक्ति, तकनीकी विशेषज्ञ प्रतिभागी होंगे। सभी को इसके लिए जागरूकता हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी के लिए स्वसहायता समूह के सक्रिय सदस्यों का समावेशीकरण किया जाएगा।

# सेवानिवृत सचिव की विदाई समारोह में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने दी शुभकामनाएं

**डोंगरगढ़ (दावा)। कल 31अगस्त 2025 को ग्राम पंचायत सिवनी कला के सचिव रामदेवान ठाकुर के सेवानिवृति पश्चात विदाई समारोह का कार्यक्रम ग्राम सिवनीकला में रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा, जनपद उपाध्याय हीराराम वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय सिन्हा, सरपंच योगेश संचेती सचिव संघ के संरक्षक केदान सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।**



अनुकरणीय सेवा के लिए सचिव ठाकुर याद किए जाएंगे - सरपंच योगेश संचेती

ग्राम पंचायत के सरपंच योगेश संचेती ने इस अवसर पर कहा कि लंबे समय से ग्राम पंचायत सिवनी कला में सेवारत सचिव श्री ठाकुर हमेशा याद किए जाएंगे। इस अवसर पर राम देवान का शाल व श्रीफल भेंटकर सरपंच और पंचगण द्वारा सम्मान किया गया और राम दिवान के द्वारा ग्राम पंचायत सिवनी में किये गए सेवा कार्यों को याद किया गया। राम देवान ने लगभग सोलह साल सिवनी पंचायत मे सेवा दिए।इस अवसर पर सचिव साथी विष्णु भगत नेहरू वर्मा बिरेंद्र साहू, जयराम वर्मा, रूपेंद्र खोबरागड़े , सचिवगण स्कूल के प्राचार्य चंद्रवंशी एवं शिक्षकगण एवं पंचगण एवं ग्रामवासी के द्वारा धूमधाम से उनकी विदाई समारोह का कार्यक्रम किया गया।साथ में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी रखा गया एवं पूरे गांव वासियों के द्वारा सिवनीकला से चैतूखपरी तक रैली निकालकर बाजे-गाजे के साथ उनकी विदाई की गई।

# एनएसयूआई ने किया दस सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन

छात्रों की सभी मांगे उचित है - डॉ.ई.व्ही.रेवती

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संगठन एनएसयूआई के द्वारा 10 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन विशाल रूप में किया गया। स्थानीय विद्यार्थियों तथा दूर दराज गाँव से आने वाले विद्यार्थियों को होने वाली दैनिक दिक्कतों को लेकर उनके निदान के लिए प्रमुख मांग रखी गई। जिसमें सड़क, बाउंड्री वाल तथा शिक्षकों के द्वारा हो रहे छात्रों से अनुचित व्यवहार के रोक पर लगाम कसने हेतु कार्रवाई करने को लेकर एन एस यू आई के द्वारा यह मांग रखी गई उक्त धारणा प्रदर्शन में मुख्य रूप से एनएससीआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



धरना प्रदर्शन छात्र नेता डाकेश्वर कुमार के नेतृत्व किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमन साहू अध्यक्ष एन एस यू आई, पंकज सोनी अध्यक्ष डोंगरगढ महाविद्यालय , भावेश साहू जिला उपाध्यक्ष, विक्की राम टेके, अनंत सिन्हा, आर्यन सिंह परिहार, सचिन सोनकर, घनश्याम सोनी, प्रियांशु महोबिया, रोनी श्रीवास्तव , अभिषेक रात्रि, तथा भारी संख्या में एन एस यूआई के कार्य कर्ता व स्थानीय छात्रों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। बातचीत करने पर बताया गया कि अगर यह 10 सूत्रीय मांग जल्द से जल्द पूरी नहीं की गई तो एनएसयूआई के बारह छात्र हित को देखते हुए छात्रों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

महाविद्यालय छात्रों की प्रभारी प्राचार्य डॉ ई व्ही रेवती ने कहा है कि,सभी मांगे उचित है। तथा छात्र हित को देखते हुए सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। साथ ही तत्काल सभी परेशानियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# आज ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा निःशुल्क कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। रेजिंग एण्ड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 4 सितम्बर 2025 को होटल अवाना राजनांदगांव में ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा एमएसएमईएस के लिए बाजार विकास विषय पर एक दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला में एमएसएमईएस, महिला उद्यमियों, एसएचजी सदस्यों एवं पारंपरिक कारीगरों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने, विपणन सहायता प्राप्त करने, नेटवर्किंग के अवसर समझने, उत्पादों की दृश्यता में वृद्धि, लॉजिस्टिक्स समर्थन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# सुरों के साधक एवं इंसेंटिव अवार्ड से सम्मानित संगीताचार्य संजू नागदेवे को दी गई भावभीनी विदाई

राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ का प्रांगण उस समय भावनाओं से सराबोर हो उठा जब 30 वर्षों तक अपनी सेवाएँ विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में समर्पित करने वाले वरिष्ठ संगीत शिक्षक संजू नागदेवे को 30 अगस्त 2025 भावभीनी विदाई दी गई। यह अवसर केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर, गुरु-शिष्य संबंध, स्नेह और आत्मीयता का अनुपम संगम बन गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। सरगम की मधुर लहरियों से सजे इस वातावरण में विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अपने प्रिय शिक्षक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सहकर्मी शिक्षकों ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि श्री नागदेवे ने जहाँ भी कार्य किया, वहाँ संगीत शिक्षा को नई ऊँचाइयाँ दीं और विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया।

विद्यालय के प्राचार्य एस.के.कुजूर ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित करते हुए कहा—संगीत आत्मा की भाषा है और संजू नागदेवे ने इस भाषा को अपने जीवन का आधार बनाया। विभिन्न विद्यालयों में अपनी 30 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों में न केवल संगीत का संस्कार जगाया, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उनकी सेवाएँ सदैव स्मरणीय रहेंगी।

अपने उद्बोधन में भावविभोर होते हुए संजू नागदेवे, संगीत शिक्षक ने कहा—इन तीन दशकों की यात्रा में मुझे कई विद्यालयों में कार्य करने का अवसर मिला। हर विद्यालय ने मुझे कुछ नया सिखाया और हर विद्यार्थी ने मेरी जीवन-धुन में एक स्वर जोड़ा। आज मैं इस परिवार से विदा ले रहा हूँ, परंतु इसकी स्मृतियाँ और स्नेह जीवनपर्यंत मेरे साथ रहेंगी।

गौरतलब है कि उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन ने उन्हें इंसेंटिव अवार्ड से सम्मानित किया है, जो उनकी प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण है।

समापन की बेला में सहकर्मी साथियों वसीम खान, संतोष कुमार के.एस, अमिताव अधिकारी, दीपक चंद्राकर, अमित येड़पुड़े सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी शब्दों और पुष्पगुच्छों के साथ विदा किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु...' स्तुति ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। आँखों में नमी और हृदय में उमंग के बीच यह विदाई एक ऐसा अविस्मरणीय क्षण बन गई जिसने सबको भावुक कर दिया।

# जिला मुख्यालय मोहला में जिला एनएसयूआई की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

मोहला (दावा)। इस अवसर पर संगठन विस्तार पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई तथा 'सदस्यता अभियान' को मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के हर कॉलेज, आईटीआई, स्कूलों तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में प्रत्येक कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को उठाया जाएगा और एनएसयूआई की विचारधारा को घर-घर और कक्षा-कक्षा तक पहुँचाया जाएगा। संगठन को नई ऊंचाई देने के लिए जिले भर के सभी महाविद्यालय, आईटीआई, विद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, में एनएसयूआई मेंबरशिप अभियान चलाएगी जिसमें छात्र-छात्राओं को एनएसयूआई ज्वाइन कराई जाएगी




बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीष साहू ने की

5 सितंबर से सभी एनएसयूआई के पदाधिकारी महाविद्यालय में मेंबरशिप कराएंगे!

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि भाजपा की छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज़ किया जाएगा और छात्र हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएँगे। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कांग्रेस सुजीत ठाकुर, मोहला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल खालिक, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष निर्मल, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनीष साहू, संगठन प्रभारी योगेंद्र रामटेके, मोहला विधानसभा अध्यक्ष तनुज मंडल, अम्बागढ़ चौकी अध्यक्ष सोरभ वाकड़े, गोपीचंद सिन्हा, मुस्तकीम खान, जुनैद खान, योगेश देवांगन उपस्थित रहे।

# नवमी की छात्राओं को मिली साइकिल की सौगात



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पीएम सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार शाम सरस्वती योजना के तहत कक्षा नवमी की 48 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष गोलू सूर्यवंशी ने की। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने शासन की इस योजना के लिए आभार व्यक्त किया।इस मौके पर मुख्य रूप से पार्षद डिलेश्वर साहू, पार्षद अभय यादव, पार्षद चंदू शेखर, पार्षद चंद्रकृत साहू, पार्षद प्रमोद, पार्षद प्रतिनिधि संतोष साहू, प्राचार्य पंकज शुक्ला, शिक्षक-शिक्षिकाएँ, पालक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# गणित-विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में गणित-विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर प्राचार्य अशीम कुमार यदु एवं समस्त स्टॉफ सदस्यगण द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता एवं सहयोगी शिक्षक जानकी वल्लभ तंबोली, पालकराम वर्मा आदि रहे। थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया की गणित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता एक छोटी परीक्षा होती है जिसमें छात्र-छात्राओं को कम समय में उत्तर देना होता है।



इस तरह की क्विज का उपयोग विद्यार्थियों के ज्ञान, क्षमता और संभावनाओं का आंकलन करने का एक शानदान तरीका होता है। इस प्रतियोगिता में बच्चों का चार ग्रुप बनाकर क्विज पूछा गया जिसमें सी.वी.रमन ग्रुप, आर्यभट्ट ग्रुप, अरस्तु ग्रुप, विनोबा ग्रुप रहा। प्रतिभागी विद्यार्थियों में सुमित कुमार, कु. मेनका, कु. सीमा, कु. कनिका, कु. डुलेश्वरी, कु. पल्लवी, कु. काजल, कु. वैशाली, कु. जैस्मीन, कु. कुमकुम, आदि रहे। विजेता के रूप में सुमित कुमार एवं कु. मेनका रहे। इस कार्यक्रम में अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, श्रीमती सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिलहारे, पालक राम वर्मा, हरिश्चंद्र यादव, आशीष मसीह, सुश्री रीचा चंद्राकर, सुश्री हेमीन ठाकुर आदि सभी की उपस्थिति एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जानकी वल्लभ तंबोली के द्वारा किया गया।

## शेष प्रथम पेज का...

**22 सितंबर से लागू होंगी नई जीएसटी.....**

और 28 प्रतिशत वाली कैटेगरी खत्म हो गई है. इसके बाद 12 फीसदी स्लैब में शामिल करीब 99 फीसदी सामानों को 5 प्रतिशत के स्लैब में डाला जा सकता है, जबकि 28 प्रतिशत स्लैब के जीएसटी स्लैब में शामिल चीजों को 18 प्रतिशत के स्लैब में लाया जा सकता है. काउंसिल की बैठक के बाद हिमाचल प्रदेश के मंत्री राजेश धर्माणी ने इसमें लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए कहा कि सभी सदस्यों की ओर से जीएसटी रेट्स को युक्तिसंगत बनाने के पक्ष में सहमति व्यक्त की गई है. प्रभावी रूप से दो टैक्स स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे, जबकि कुछ विलासिता की वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगेगा. तंबाकू, पान मसाला जैसी चीजों को इस स्लैब में रखा जाएगा.

**राज्यपाल का कानून बनाने....**

बिल रोकेंगे तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बढ़ेगा और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा। गवर्नर का ऑफिस जनता की इच्छा को नकारने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। कर्नाटक सरकार के वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्य में दोहरी सरकार (डायार्की) की व्यवस्था नहीं हो सकती। गवर्नर को हमेशा मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही काम करना होगा।उन्होंने कहा कि संविधान गवर्नर को सिर्फ दो स्थितियों में ही विवेकाधिकार देता है। पहली, जब गवर्नर अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजते हैं और दूसरी, जब कोई बिल हाईकोर्ट की शक्तियों को प्रभावित करता है (अनुच्छेद 200 की दूसरी शर्त)। इन दो स्थितियों को छोड़कर गवर्नर के पास कोई स्वतंत्र शक्ति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट पहले भी कह चुका है कि अगर राज्यपाल अनिश्चित समय तक बिल रोक कर रखते हैं, तो जल्दी शब्द का महत्व खत्म हो जाएगा। हालांकि, केंद्र सरकार ने तर्क दिया था कि राज्य सरकारें इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकतीं, क्योंकि राष्ट्रपति और राज्यपाल के फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते। दरअसल, मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा था कि क्या अदालत राज्यपालों और राष्ट्रपति को बिलों पर फैसला करने के लिए समय-सीमा तय कर सकती है।

**छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले....**

मंगलवार की देर रात बांध अचानक टूट गया। बांध टूटने के बाद जलाशय का पानी सैलाब बनकर निकला और आसपास मौजूद 2 घरों को अपने साथ बहा ले गया। इनमें से एक घर रामवृक्ष नामक शख्स का था। रामवृक्ष मवेशियों को लेने गया था। तभी बांध के पानी में उसका घर बह गया। घर में उसकी पत्नी, दो बहुएं और 3 पोता-पोती थे। इसके अलावा कई जानवर भी इस बाढ़ में बह गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सास-बहू और 1 बच्चे का शव बरामद कर लिया है। हालांकि 2 बच्चे समेत 1 ग्रामीण अभी तक नहीं मिले हैं। ग्रामीणों को संदेह है कि उनके शव पास से गुजरने वाली कनहर नदी में बह गए होंगे।

**ट्रम्प बोले-भारत हमें टैरिफ से.....**

से कई कंपनियां अमेरिका के बाहर उत्पादन करती हैं। लेकिन उनकी नीतियों की वजह से हालात बदल रहे हैं और अब हजारों कंपनियां अमेरिका में आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कई कार कंपनियां चीन, मेक्सिको और कनाडा से आकर अमेरिका में फैक्ट्री बना रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे 3 बड़ी वजहें हैं। कंपनियां अमेरिका में रहना चाहती हैं, टैरिफ उन्हें सुरक्षा देते हैं और यहां निर्माण करने से उन्हें एक्स्ट्रा टैक्स नहीं देना पड़ता। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अमेरिका के लिए फायदेमंद है और यही वजह है कि उन्होंने भारत पर कड़ा टैरिफ लगाया। ट्रम्प ने यह भी साफ कर दिया कि वे भारत पर लगाए गए टैरिफ कम करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते बहुत अच्छे हैं। ट्रम्प ने पहले भारत के निर्यात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था, लेकिन इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया। इसका असर अमेरिका को भेजे जाने वाले भारत के 55 प्रतिशत से ज्यादा सामान पर पड़ा। सोमवार को सोशल मीडिया पर ट्रम्प ने लिखा था कि भारत ने अपने टैरिफ घटाने की पेशकश की है, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि यह कब हुआ और क्या अमेरिका भारत के साथ व्यापार वार्ता फिर से शुरू करेगा। उन्होंने बस इतना कहा, अब देर हो चुकी है। उन्हें यह सालों पहले करना चाहिए था।

**निलंबन के 24 घंटे बाद के. कविता.....**

फायदे के लिए हमारे परिवार को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर त्त्ञ्च्ञ्क्रने अब भी चचेरे भाइयों पर भरोसा किया, तो यह परिवार और पार्टी दोनों के लिए नुकसानदायक होगा। कविता ने अपने भाई KTR पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब उन्होंने पार्टी के भीतर चल रही साजिश और फर्जी प्रचार की शिकायत की, तो KTR ने कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें बताया कि मेरे खिलाफ झूठा प्रचार हो रहा है। मैंने उनसे बहन की तरह नहीं, बल्कि पार्टी की स्ष्ट की तरह शिकायत की थी। लेकिन उन्होंने न तो कोई कार्रवाई की और न ही मुझसे इस बारे में बात की। वर्किंग प्रेसिडेंट होने के बावजूद उन्होंने चुप्पी साध ली। कविता के इस्तीफे और आरोपों से तेलंगाना की राजनीति में भूचाल आ गया है। BRS के भीतर पहले से ही चुनावी हार के बाद असंतोष और गुटबाजी बढ़ी हुई थी। अब कविता का इस्तीफा और परिवार पर सीधे-सीधे आरोप लगाना पार्टी के लिए और मुश्किलें खड़ी कर सकता है। राजनीतिक हलकों में कयास लगाए जा रहे हैं कि कविता किसी नए राजनीतिक विकल्प की तलाश में हैं या फिर स्वतंत्र रूप से अपने राजनीतिक भविष्य की राह चुनेंगी।

**स्टेट पावर कंपनीज के संयुक्त मुख्यालय....**

हर उद्योग तक ऊर्जा पहुँचेगी। छत्तीसगढ़ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि सरप्लस राज्य है, जो अन्य राज्यों की बिजली जरूरतों को भी पूरा करता है। इसका सबसे बड़ा आधार हमारा समृद्ध कोयला भंडार है। इस कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय, मंत्री केदार कश्यप,सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा,सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, इंद्र कुमार साहू, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**रूस ने यूक्रेन पर हमले बढ़ाए.....**

रोकने के लिए पहल की है। जेलेंस्की ने युद्धविराम और पुतिन के साथ आमने-सामने शांति वार्ता के ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। लेकिन रूस ने इसमें अड़चनें डाली हैं। क्रेमलिन ने इन शर्तों को लेकर असहमति जताई है, जिससे शांति प्रयास अटके हुए हैं। इसी बीच, पुतिन चीन में शीर्ष नेताओं से मिल रहे हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अमेरिका का आरोप है कि ये देश अलग-अलग तरीकों से रूस की मदद कर रहे हैं। उत्तर कोरिया ने रूस को सैनिक और गोला-बारूद भेजा है। चीन और भारत रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था को सहारा मिल रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति लगातार यूरोपीय देशों का दौरा कर रहे हैं ताकि और समर्थन जुटाया जा सके। मंगलवार को वे डेनमार्क पहुंचे, जहां उत्तरी यूरोपीय और बाल्टिक देशों के नेताओं से नई सैन्य मदद और कूटनीतिक समर्थन पर चर्चा की। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली भी कीव पहुंचे और यूक्रेनी सेना को मजबूत करने के उपायों पर बैठक की। बुधवार को जेलेंस्की पेरिस जाएंगे, जहां उनकी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात होगी। गुरुवार को पेरिस में एक बड़ी बैठक होगी, जिसमें यूरोपीय और अमेरिकी नेता यूक्रेन के युद्ध के बाद सुरक्षा की गारंटी पर विचार करेंगे।

**बस्तर में स्वास्थ्य सेवा के लिए क्रांतिकारी....**

लोग लंबे समय से उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रहे हैं, किंतु अब यह अस्पताल उनके लिए वरदान साबित होगा। विशेषकर नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के लिए यह जीवनरक्षक सिद्ध होगा। पहले घायल जवानों को एयर एंबुलेंस से रायपुर भेजना पड़ता था, अब जगदलपुर में ही उन्हें अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध होगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि, राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। बस्तर अंचल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना राज्य और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। पहले ये सेवाएँ केवल रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में उपलब्ध थीं, लेकिन अब बस्तर के लोग भी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगा। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने जानकारी दी कि, इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण पर 200 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें से 120 करोड़ रुपये केंद्र सरकार और 80 करोड़ रुपये राज्य सरकार ने वहन किए हैं। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने भी इस परियोजना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि, यह अस्पताल 11 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और अत्याधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से सुसज्जित है। यह 10 मंजिला अस्पताल 240 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा। इसमें हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), किडनी रोग (नेफ्रोलॉजी), मस्तिष्क रोग एवं न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जैसे विभाग संचालित होंगे। ओपीडी, आईसीयू और आपातकालीन सेवाओं सहित गहन चिकित्सा की अत्याधुनिक सुविधाएँ यहाँ उपलब्ध होंगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सरकारी दर पर उपचार प्रदान करेगी। सरकारी दर पर उपलब्ध इन सेवाओं का लाभ न केवल बस्तर संभाग बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर के मरीज उठा सकेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक पहल को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया। इससे बस्तर अंचल के लाखों लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और बड़े शहरों पर उनकी निर्भरता कम होगी। यह अस्पताल न केवल बस्तर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के मरीजों के लिए नई आशा और जीवनदायी सुविधा साबित होगा।

# रेलवे अधिकारियों पर फिर लगा भेदभाव का आरोप

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक पर्यटन स्थल, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना ली है। धर्म नगरी में विद्यमान विभिन्न देवी देवताओं से प्रत्यक्ष आशीर्वाद प्राप्त करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह दो मर्तबा डोंगरगढ़ आ चुके हैं। और केंद्र सरकार के द्वारा पर्यटन केंद्र के सर्वांगीण विकास के लिए योजना अनुसार भरपूर राशि स्वीकृत भी की जा रही है। इन सबके बावजूद डोंगरगढ़ में ट्रेनों के स्टॉप पेज को लेकर रेल अधिकारियों द्वारा भेदभाव निरंतर जारी है।

सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने फिर एक बार रेल प्रशासन पर गम्भीर भेदभाव का अरोप लगाया है। श्री हथेल ने अपने बयान में कहा है कि,डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन एक धर्मिक नगरी के नाम से देश विदेश में पहचाना जाता है। एक तरफ माँ बम्लेश्वरी हिन्दुओ कीआराध्य देवी है जो प्राचीन काल से विराजमान है। एक तरफ हम सबके देव तुल्य आचार्य विद्या सागर जी द्वारा स्थापित भगवान महावीर चन्द्रगिरि पर्वत, दुसरी तरफ भगवान बुद्ध प्रज्ञागिरि पर्वत साथ मे प्रभु यीशु करवारी पर्वत महाऋषि बाल्मीकि सुदर्शन गिरी पर्वत विशाल गुरुद्वारा नगर के बीच पर यह नगर धार्मिक स्थल सर्वधर्म सम्भभाव के नाम से प्रसिद्ध है। यहां पर हर धर्म के लोग निवास करते है सभी धर्मो का प्रमुख स्थल होने के कारण रोज इस नगरी में हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता और मुख्य मार्ग थोड़ा दूर होने के कारण उस नगर में आने के लिए रेल ही सबसे बड़ा साधन है।लेकिन रेल सुविधा जैसे होना चाहिए वैसी सुविधा आज तक इस रेलवे स्टेशन में नही है। निरन्तर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई ट्रेनों के ठहराव के लिए प्रयास किया जा रहा है। लेकिन रेल प्रशासन के कान में जुहू तक नही रेंगती। दूसरी ओर छोटे छोटे स्टेशनों में रेल प्रशासन



**धर्मनगरी डोंगरगढ़ में ट्रेनों के स्टॉपेज में प्राथमिकता दे रेल अधिकारी - सांसद प्रतिनिधि**

ठहराव का आदेश के उपर आदेश दे रहा है।

0 छोटे स्टेशनों को प्राथमिकता, धर्मनगरी की अपेक्षा

अभी हाल में मुलमरोडा जैसे स्टेशन में 31 अगस्त के बिलासपुर,चेन्नई ट्रेन क्रमांक 12851 ,चेन्नई से बिलासपुर ट्रेन क्रमांक 12852 1 सितंबर सोमवार से ठहराव प्रदान किया गया है। कामठी जैसे स्टेशन में जो नागपुर से लगा हुआ है उसके बाद भी रेल प्रशासन ने जोधपुर से पुरी जोधपुर एक्सप्रेस का ठहराव दिया है। हाल में और ये ट्रेन दोनो ओर से डोंगरगढ़ होते हुए जाएगी। साथ ही कई समय पूर्व से भगत की कोठी एक्सप्रेस 20843 अप ,20844 डाउन जैसे कई ट्रेन की मांग निरंतर की जा रही है। ट्रेन नंबर 20845 अप नागपुर की तरफ जाने वाली और 20846 डाउन नागपुर से बिलासपुर जाने वाली ट्रेन नंबर 20843अप बिलासपुर से भगत की कोठी जाने वाली और 20844 भगत की कोठी से बिलासपुर जाने वाली 20813 पुरी से जोधपुर जाने वाली और 20814 जोधपुर से पुरी जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12851 बिलासपुर से चेन्नई/मद्रास जाने वाली और 12852 चेन्नई /मद्रास से बिलासपुर आने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस इसका स्टॉपेज कुछ महीनों पूर्व कामठी स्टेशन पर दे दिया गया है। जो कि नागपुर से मात्र 15 किलोमिटर दूर है और महज़ 8 मिनट में आ जाता है, जबकि आजकल नागपुर , ईतवारी और कामठी स्टेशन को लगभग एक ही माना जाता है।

तरुण हथेल ने कहा यहां के स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव के लिए बहाना बताता है। रेलवे के अधिकारी द्वारा तरह तरह की कमी निकालता है। जबकी माता जी की नगरी में 12 महिने तिर्थ यात्री आते है। कई हजरों की संख्या में आते है। और कई धर्मो के धार्मिक स्थल जो डोंगरगढ़ में है। कुछ विशेष दिनों में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति होती है। और सब के लिए ट्रेन व्यवस्था ही बेहतर साधन है। उसके बाद भी रेलवे इस अमृत भारत रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़ की वर्षो से अनदेखी कर रहा है।

### पूरी सुविधा के बावजूद बड़ा प्रोजेक्ट नहीं लगाया जा रहा है -

श्री हथेल ने कहा रेलवे के किसी भी बड़े प्रोजेक्ट के लिए सैकड़ों एकड़ जमीन खाली पड़ी है। जिन स्टेशनों में जगह कोई सुविधाए नही होने के बावजुद उन स्टेशनों में रेलवे के बड़े प्रोजेक्ट लेके जाया जाता हैं और यहाँ भरपूर बिजली, पानी जमीन होने के बाद भी रेलवे के उच्चधिकारियों द्वारा रेल मंत्रालय और रेल प्रशासन के बड़े अधिकारियों को गुमराह किया जाता है। किसके इसारे में यह खेल चल रहा समझ से परे है।

# शा. दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा साइकल रैली का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुचित्रा गुप्ता के संरक्षण में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-01 एवं 02 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तऋषि एवं प्रो. करुणा रावते के मार्गदर्शन में शा. दिग्विजय स्वशासी स्नाकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव परिसर से गौरव पथ राजनांदगांव तक मेजर ध्यानचंद (हॉकी के जादूगर) के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा साइकल रेली का आयोजन किया गया था। जिसमें करुणा रावते मेम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा भाग लिया गया, साथ ही बायोटेक्नोलॉजी डिप्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद महीस तथा कैमेस्ट्री डिपार्टमेंट के प्रो. डी.के.वर्मा ने भी अपना योगदान दिया। आज का कार्यक्रम सभी स्वयंसेवियों के सहयोग एवं स्फूर्ति से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# रामटोला कॉलेज में लैंगिक संवेदीकरण पर सात दिवसीय कार्यशाला का समापन




डोंगरगढ़(दावा)। वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा पीएम उषा प्रभारी डॉ. मनोज रंगारी के नेतृत्व मे सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सातवे एवं अंतिम दिवस मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ. कविता यदु अतिथि प्राध्यापक शासकीय कुंज बिहारी महाविद्याय लाल बहादुर नगर उपस्थित रही।

कार्यक्रम के प्रारम्भ मे महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो. रंजना राम द्वारा डॉ कविता यदु को पुष्पगुच्छ भेट कर उनका स्वागत किया गया। अपने व्याख्यान मे उन्होंने कहा की जेंडर एक सामाजिक पहचान है, आज की स्थिति मे लडके और लड़की मे विभेद नही किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लड़कियां पैदा नही होती बनाई जाती है, जेंडर सेंसेटाइजेशन का महत्व बताते हुए कहा की पुरुष एवं महिलाये समान है। समाज मे हो रहे परिवर्तन को स्वीकारना होगा। विभिन्न कानूनी अधिकार की जानकारी देते हुए कहा की महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कानूनी जानकारी समय समय पर सरकार द्वारा प्रदाय किया जाता है। बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, उज्जवला योजनाओ से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता रंगारी व आभार प्रदर्शन डॉ. ज्योतिबाला बरसागढ़े ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

# शिक्षक कल्याण संघ दो सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा, प्रदेश महामंत्री मुकुन्द केशव उपाध्याय ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे दो सूत्रीय बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया।

पुरस्कृत संघ के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने मंत्री जी को बताया कि पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष किया जावें। पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न (पारी बाहर) पदोन्नति दिया जावे। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने आगे बताया कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार की सुविधा बहुत पहले से दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी यह लाभ दिया जाता है तो इसमे किसी भी प्रकार की छत्तीसगढ़ शासन को वित्तीय भार नही आएगा। प्रदेश मंत्री मुकुन्द उपाध्याय ने कहा शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के कारण महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन से छत्तीसगढ़ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ दो सूत्रीय मांग को पूरा करने की अपील किया गया है।

# राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 को

राजनांदगांव (दावा)। राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 सितम्बर 2025 को रायपुर में किया गया है। रोजगार मेला में 33 से अधिक निजी कंपनियों द्वारा 6605 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार विभाग के पोर्टल www. erojgar. cg.gov.in पर ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य है।

रोजगार कार्यालय में यदि आवेदक पहले से पंजीकृत नहीं हैं, तो पोर्टल पर दिए गए नहीं विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद मोबाईल पर आए ओटीपी के जरिए अपना नाम और जिला भरकर सत्यापन करें। आपको एक आईडी और पासवर्ड मिलेगा, जिसे पहली बार लॉगइन करने के बाद बदलना जरूरी होगा।

# नेहरू महाविद्यालय में गणित परिषद का गठन




**शीतल वर्मा को अध्यक्ष का दायित्व**

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 2 सितंबर को गणित परिषद का गठन किया गया। यह गठन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) रेवती के दिशा-निर्देशन एवं गणित विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. निर्वेद कुमार शर्मा एवं श्रीमती देवश्री देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर डॉ. निर्वेद कुमार शर्मा ने गणित परिषद के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की।

परिषद में शीतल वर्मा को अध्यक्ष, दिव्या डडसेना को उपाध्यक्ष, यशस्वी साहू को सचिव, साक्षी यादव को सहसचिव तथा कुशल पटेल कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कीर्तन कर एवं ओसीन यदु का चयन किया गया।

प्राचार्य डॉ. रेवती ने अपने उद्बोधन में गणित परिषद के महत्व एवं इसकी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं पाठ्यक्रम संबंधी विविध जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती देवश्री देवांगन तथा आभार प्रदर्शन डॉ. निर्वेद कुमार शर्मा ने किया।

# कमला कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर द्वारा मेजर ध्यानचंद की जीवनी एवं राष्ट्रीय खेल दिवस मनाए जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मेजर ध्यानचंद की खेल उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए छात्राओं से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में खेलों में भाग लें और अपना सर्वांगीण विकास करें। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने खेलों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया, वहीं क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. जयसिंग साहू ने खेलों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान तीरंदाजी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राहुल साहू को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। क्रीड़ाधिकारी डॉ. नायर ने बताया कि महाविद्यालय की कई छात्राएं उनके प्रशिक्षण में प्रतिवर्ष अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिताओं में हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग का प्रतिनिधित्व करती आ रही हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कु. चांदनी को राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदर्शन हेतु, बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा कु. अंजली निषाद को राष्ट्रीय पर्वतारोहण कैम्प में सहभागिता के लिए तथा कु. संध्या नेताम को टीसीएस कैम्प, नई दिल्ली में भागीदारी के लिए प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के मध्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता एस.नायर ने किया। इस अवसर पर कबड्डी कोच ललित साहू, योग शिक्षक खिलेन्द्र सोनी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# संकुल स्तरीय विदाई एवं स्वागत सम्मान समारोह




हरदी (दावा)। संकुल केन्द्र चेन्दरीबन नवागाँव में संकुल स्तरीय विदाई एवं स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरित शिक्षक योगेश्वर सिंह ठाकुर, नीलम कुमार साहू का विदाई कार्यक्रम एवं संकुल में नव आगन्तुक शिक्षक अवधराम पटेल, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, रवि मारकण्डेय, तुलसा लोन्हारे का स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि योगेश्वर ठाकुर, अध्यक्षता पी.कन्नौजे व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि हेमलता पटेल, बालाराम करसेल प्रधान पाठक एवं समस्त नव आगन्तुक शिक्षक थे।

सर्वप्रथम माँ सरस्वती के पावन तैलचित्र में दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत हुआ। योगेश्वर ठाकुर और नीलम साहू को स्मृति चिन्ह, श्रीफल, डायरी पेन एवं नव आगन्तुक शिक्षकों को पेन डायरी भेंट करके स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर दुष्यन्त साहू व्याख्याता, प्रधान पाठक कोमलचंद, प्रवीण ठाकुर, चन्द्रभूषण साहू आर्य, शीतल साहू, राजकुमार साहू, निशा नेताम, पूर्णिमा साहू, रंजना पंचभावे, सन्नी देवांगन, चेतन साहू, भूपेन्द्र साहू संकुल के समस्त शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेन्दरीबन नवागाँव के समस्त व्याख्याता व स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रभूषण साहू प्रधान पाठक एवं आभार ज्ञापित करते हुए समापन की घोषणा प्रवीण ठाकुर प्रधान पाठक ने किया।

# नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित हिंदी मल्हार पर शिक्षक प्रशिक्षण

**खैरागढ़ (दावा)। नई राष्ट्रीय नीति 2020 शाला को लेकर भारतीय शिक्षा प्रणाली में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, इस नीति का उद्देश्य शिक्षा को अधिक समावेशी समता मूलक और समग्र बनाना है, यह नीति आलोचनात्मक सच रचनात्मकता समस्या समाधान जैसे रवि साड़ी के कौशलों के विकास पर केंद्रित हैं, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग ने जीवन भर की शिक्षा को चारस्तंभ पर आधारित किया।**







इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु इस प्रशिक्षण आयोग का आयोजन किया गया। जिसे सफल बनाने में बीआरजी डॉ विनीत राजपूत, मोरेश्वर वर्मा, भेस्मानी वर्मा डॉ.निकीता सिंह, शिव राठौर के साथ ही सेजस कन्या शाला के प्राचार्य कमलेश्वर सिंह की प्रमुख भूमिका रही मार्गदर्शन के रूप में बीआरसी सुजीत सिंह चौहान प्रशिक्षण को मूल रूप देने में समस्त माध्यमिक शाला की शिक्षकों ने अत्यंत निष्ठापूर्ण कार्य कर अपनी लगन व सफलता का परिचय देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में मेरा युवा भारत कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और मेरा युवा भारत अभियान राजनांदगांव भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित किया गया। प्रो.विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें कल्याणकारी योजना से परिचित कराना था।




प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने आयोजन के लिए मेरा युवा भारत राजनांदगांव का आभार करते हुए महत्वपूर्ण कार्यशाला हेतु स्वागत किया और इस प्रकार के आयोजन के लिए उन्हें आगे भी आमंत्रित किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में ऐश्वर्या साहू जिला परियोजना समन्वयक ने आयुष्मान भारत के अंतर्गत जन आरोग्य योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया और गरीब वंचित व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवा से जोड़ने की पहल को बताया। रुपेश देवांगन प्रधानमंत्री कौशल केंद्र ने कौशल योजना के अंतर्गत युवाओं के लिए अनेक कोर्स और कौशल प्रशिक्षण से प्राप्त रोजगार के संबंध में चर्चा किया।

डॉ. छोटेलाल साहू एवं तेजस्वी वर्मा ने स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन, जल जीवन मिशन के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और जल संरक्षण पर जोर दिया। तेजस्वी वर्मा ने पीएम मुद्रा योजना के संबंध में छोटे व्यवसाय और उद्योग गतिविधि को बढ़ावा देने संबंधी योजनाओं की चर्चा की। मेरा युवा भारत राजनांदगांव के शुभजीत देव युवा अधिकारी ने कार्यशाला का आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला के माध्यम से युवाओं को अपने भविष्य के लिए तैयार करने में मदद मिली और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में तपन साहू लेखा एवं कार्यक्रम सहायक गोविंद साहू एमटीएस लोकेश यादव मेरा युवा भारत की टीम एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन में सभी संसाधन व्यक्तियों का सम्मान प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट कर मेरा युवा भारत राजनांदगांव की ओर से किया गया।

# अग्निवीर थलसेना भर्ती हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण 10 तक

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती 2025 अंतर्गत ऑनलाईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिले के अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन माह दिसम्बर 2025 अथवा जनवरी 2026 में आयोजित होना संभावित है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थी निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 10 सितम्बर 2025 तक अग्निवीर थलसेना पंजीयन फार्म के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में अनिवार्य रूप से आवेदन जमा कर सकते है या व्हाट्सएप नंबर 7073207374 पर भेज सकते हैं।

# महेंद्र यादव ने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को कलेक्टर को पत्र सौपकर कराया अवगत



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे से आज जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के लगभग 70 किसान के साथ सौजन्य मुलाकात किया। महेंद्र यादव ने कलेक्टर को पत्र सौंपते हुए बताया कि ग्राम सिवनी खुर्द, ग्राम पंचायत बोदेला आंगनबाड़ी नवीन भवन एवं जर्जर प्राथमिक शाला भवन डिस्मेंटल कर नवीन निर्माण हेतु एवं ग्राम पंचायत सेम्मरा में विद्युत विभाग द्वारा टावर लाइन से लगभग 62 किसानों का जमीन प्रभावित हो रही है। श्री यादव ने आगे बताया कि ठेलकाडीह से महाराजपुर जाने वाले टावर बिजली लाइन सेम्मरा के तरफ से टावर लाइन का सर्वे हो चुका है। अगर उक्त जमीन से टावर लाइन गुजरता है तो ट्रैक्टर करंट की चपेट में भी आ सकता है, जैसे बारिश के मौसम में मवेशी व खेत खलियान में कार्य करने वाले मजदूर किसान टावर बिजली लाइन के करंट में प्रभाव में आ सकता है। पूर्व में भी ट्यूबवेल में बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ता और बार-बार मोटर भी जल जाता है। पूर्व में भी सेम्मरा की कृषि भूमि के चारों तरफ से टावर बिजली लाइन जा चुका है जो कि जाल की तरह बुन चुका है।

**70 किसानों की समस्याओं को कलेक्टर ने सुनी**

कलेक्टर को ज्ञापन सौपने के दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, सीमा साहू सरपंच, इंद्रसेन साहू सरपंच प्रतिनिधि, कामिनी यादव उप सरपंच, पंचगण-उमेश साहू, खेमलाल यादव, गिरजा वर्मा, दुर्गा साहू, धनीराम विश्वकर्मा, परमेश्वरी साहू, भागवत साहू, ग्रामीणजन रामप्रताप वर्मा, लालचंद वर्मा, बिरेंद्र, संतोष, रोहित वर्मा, एन कुमार, बिझवार, कुलदीप, गनीत, अजीत, सुनील, बीरबल, श्याम सिंग, विष्णु राम, भागचंद, टोमेश, मुकेश, भैया लाल, सुनील, अमित, संतराम, पप्पू, भावेंद्र, नीलकंठ, राम भरोसा, टहल राम, सेवक राम, चेतन वर्मा, कमलेश वर्मा, गरीबा वर्मा, चंद्रशेखर, गोकुल वर्मा, मोतीलाल वर्मा, रामरतन, गुलशन, डलेश्वर, गोविंदा वर्मा, अनिल वर्मा, गैंद सिंह वर्मा, मांगीलाल, खेमू यादव एवं बड़ी संख्या में किसान जन उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा प्रतियोगिता आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डोंगरगांव में भाग लिये, जहाँ वे विकासखण्ड से सभी बच्चे चयनित होकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता राजनांदगांव में भाग लिये। प्रतिभागी बच्चों में कु. वैशाली, कु. जैसमीन, कु. देवकी, खिलेश्वर कुमार, रामकुमार रहे। इन सभी प्रतिभाशाली बच्चों को बधाई प्राचार्य अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, आशीष मसीह, सुश्री रीचा चंद्राकर, सुश्री हेमीन ठाकुर द्वारा दिया गया।

# संस्कारधानी में वर्षो पुरानी झांकी निकालने की परंपरा आज भी कायम - डॉ. रमन

### नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता, गत वर्ष के पुरूस्कार वितरण हेतु समारोह आयोजित

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों को किये पुरूस्कृत



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरूस्कार वितरण करने जी.ई.रोड राजनांदगांव में विधायक व अध्यक्ष निवास में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह ने महापौर मधुसूदन यादव सहित पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदों तथा जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गणेश समितियों को पुरूस्कृत किया।

गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गणेश प्रतियोगित वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा में प्रथम विनायक मंडल गणेश उत्सव समिति, कामठी लाईन को 6 हजार रूपये का चेक, द्वितीय श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति, जी.ई. रोड को 4 हजार रूपये का चेक व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति, दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को 3 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार विसर्जन झाकी के अ वर्ग में प्रथम उमंग गणेश उत्सव समिति, हमाल पारा को 41 हजार रूपये का चेक, द्वितीय सुमति मण्डल, कामठी लाईन को 21 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय बस स्टैण्ड गणेश उत्सव समिति, पुराना बस स्टैण्ड को 11 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक को 31 हजार रूपये का चेक, द्वितीय आजाद गणेश उत्सव समिति आजाद चौक को 18 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय तिरंगा मण्डल, अशोक स्तंभ (कमल टाकीज) चौक को 10 हजार रूपये का चेक प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के कहा कि गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित सभी समितियों को यहा उपस्थिति के लिए धन्यवाद देता हूॅ। नगर निगम की टीम ने गणेश पर्व में निर्णय लिया उस आधार पर आज पुरूस्कार स्वरूप सम्माननिधि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की झांकी पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चित है यहा दूर दूर से लोग झांकी देखने आते है। वर्षो पुरानी झांकी निकालने की परंपरा जो बनी है वो विशिष्ट परंपरा है, जिसको आप लोगों ने आज भी कायम रखा है। इसके लिए मैं आप लोगों को बहुत बहुत बधाई देता हूॅ।

महापौर श्री यादव ने कहा कि परंपरागत रूप से गणेश प्रतिमा एवं झांकी के लिए नगर निगम द्वारा प्रति वर्ष पुरूस्कार दिया जाता है, आज पिछले वर्ष के परिणाम का पुरूस्कार दिया जा रहा है। सभी चयनित समितियों को बधाई देता हू और इस वर्ष भी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें भाग लेने के लिए संस्कारधानी गणेश समितियों को शुभकामनाएं देता हूॅ कि वे राजनांदगांव की इस परंपरा को आगे बढाये। उन्होंने अल्प सूचना में कार्यक्रम में उपस्थित होने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजीव कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पार्षदगण सहित गणेश समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सुमति मंडल कामठी लाइन को द्वितीय स्थान मिला

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव द्वारा वर्ष 2024 गणेश उत्सव पर्व के विसर्जन झांकी प्रतियोगिता के अ वर्ग में सुमति मंडल कामठी लाइन को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। आज विधानसभा अध्यक्ष निवास में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा यह पुरस्कार स्वरूप इक्कीस हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुमति मंडल के संरक्षक अभिषेक शुक्ला, दीपक सोनी, सुभाष चौरडिया, मनोज शर्मा, अध्यक्ष अशोक लोहिया, उपाध्यक्ष निलेश शुक्ला, झांकी प्रभारी राहुल लोहिया उपस्थित थे।

# चक्रधर समारोह में नांदगांव के कत्थक कलाकारों ने बटोरी तालियां

### डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा और उनकी टीम ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के रायगढ़ में प्रख्यात चक्रधर संगीत समारोह में राजनांदगांव के कत्थक नृत्य के कलाकारों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। अपने शानदार नृत्य कला से कलाकारों ने नृत्य की अलग-अलग भाव-भंगिमाओं और जीवंतता का प्रस्तुतिकरण किया। मशहूर कत्थक कलाकार डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा की अगुवाई में रायगढ़ के रामलीला मैदान में 31 अगस्त को हुए कार्यक्रम में कलाकारों ने रायगढ़ और जयपुर घराना, नाव की गत, अष्टनायिका और आपरेशन सिंदूर को अपने नृत्य कला से प्रदर्शित किया। इसके साथ कत्थक की अलग-अलग विधाओं का भी शानदार प्रदर्शन किया। टीम के प्रस्तुतिकरण से कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने प्रोत्साहन स्वरूप खूब तालियां बजाई। तालियों की आवाज के बीच निर्बाध गति से कलाकारों ने अपने शानदार नृत्य कौशल से सबका मन मोह लिया। कत्थक की टीम में तुषार सिन्हा, प्रसिद्धी सिन्हा, सनिक्षा मेश्राम और शिवांशी श्रीवास्तव ने कत्थक की विविध रूप पेश किया।

# भरकापारा के मकान में लगी भयंकर आग, पूरा सामान जल कर स्वाहा





**आग बुझाने पहुंची दमकल गाड़ियां, तब तक जल गए घर के पूरे सामान**

राजनांदगांव (दावा)। बारिश के दिनों में शहर के भरकापारा स्थित एक मकान में शॉट सर्किट से आग लग गई है। इस घटना में घर में सोई महिला सही सलामत बच गई लेकिन उसके घर का सामान पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया। इससे उसे भारी नुकसान हुआ है। घटना बुधवार 3 सितंबर की सुबह लगभग 11 बजे की बताई जाती है। भरकापारा वार्ड नं 26 के आंबेडकर मूर्ति के सामने एक गली में रहने वाली प्रतिमा वासनिक नामक महिला की तबीयत खराब होने के चलते घर में सोई हुई थी। तभी घड़ाम की आवाज के साथ उसके घर में आग लग गई। इससे हड़बड़ाकर उठी उक्त महिला को कुछ समझ में नहीं आया और भयवश बाहर निकलकर उन्होंने नजदीक के किराना दुकान वाले को पुकारी। जब तक आसपास के लोग दौड़ पड़ते, आग पूरी तरह घर को अपनी आगोश में ले लिया। दो मंजिला वाले घर में पूरी तरह फैली आग से पूरा सामान धूं-धूंकर जल गया। इस आग से महिला के सिवा घर में कुछ भी नहीं बचा। सब कुछ जल-जलकर स्वाहा हो गया। भरकापारा वार्ड नंबर 26 में आंबेडकर मूर्ति के सामने गली में बुधवार की सुबह लगी आग की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक पूरा सामान जल गया। बताते चलें कि आंबेडकर मूर्ति के सामने गली के एक मकान में घर पर उक्त महिला सोई हुई थी उसका पति काम से गया हुआ था वहीं उसका पुत्र भी कहीं बाहर है, तभी धड़ाम की आवाज के साथ उसके घर में आग लग गई। महिला अपनी जान बचाने के लिए बाहर निकली और आसपास के लोगों को जानकारी दी इसके बाद लोगों ने घर में घुसकर पहले तो विद्युत का कनेक्शन गिराया और आग बुझाने के प्रयत्न किए। लेकिन आग ने भयंकर रूप ले लिया था। लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग की लपटो को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन घर पर रखे दो अलमारी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, दो टीवी, बर्तन, दस्तावेज कपड़े, गहने एवं नकदी रकम सहित घर पर रखे अन्य सारा जमाना जल कर खाक हो गए। कोतवाली पुलिस ने उक्त आगजनी की घटना को जांच में ले लिया है।

# खैरागढ़ में एसीबी का छापा : 9 हजार की रिश्वत लेते पटवारी संघ का अध्यक्ष गिरफ्तार



खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय के प्रशासनिक अमला में हड़कंप, एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को खैरागढ़ में जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष और पटवारी धर्मेंद्र कांडे को रिश्वतखोरी के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

### ग्रामीण के जमीन संबंधी कार्य के एवज मे मांगा था 10,000 फिक्स हुआ 9000 में

ग्राम डोकराभाटा निवासी भागचंद कुर्रे ने अपने ज़मीन संबंधी कार्य को लेकर कई दिनों से पटवारी धर्मेंद्र कांडे से संपर्क कर रहा था। पटवारी ने काम कराने के एवज में पहले 10 हज़ार रुपए की मांग की थी। बाद में सौदा 9 हज़ार रुपए फिक्स हुआ। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एसीबी को दी। योजना के तहत आज पीड़ित भागचंद कुर्रे ने अपना बाज़ार के ऊपर स्थित पटवारी कार्यालय में जाकर आरोपी को 9 हज़ार रुपए दिए।

बताते है कि रुपए लेने के बाद धर्मेंद्र कांडे कलेक्टर कार्यालय की एक बैठक में चला गया। एसीबी की टीम ने मौके पर दबिश देते हुए कलेक्टर कार्यालय से ही आरोपी पटवारी को रिश्वत की राशि सहित गिरफ्तार कर लिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है, कि धर्मेंद्र कांडे जिला पटवारी संघ का अध्यक्ष भी है। यानी जो संगठन अपने साथियों को ईमानदारी और पारदर्शिता की सीख देने का दावा करता है। उसका ही मुखिया घूस लेते पकड़ा गया, इस घटना ने पूरे प्रशासनिक तंत्र की नीयत पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

## स्व. अन्नपूर्णा देवी सिंह के परिवार से मिले पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस बाबा, दी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। आज देवलोकगामी अन्नपूर्णा देवी सिंह (माँ जी) को श्रद्धासुमन अर्पित करने छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं अंबिकापुर रियासत के महाराजा टी.एस. सिंहदेव उनके निवास स्थान संस्कार भवन पहुंचे। उन्होंने मां जी के साथ अपने बताए हुए क्षणों को याद करते हुए डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह इला सिंह एवं डॉ. स्वर्ण सिंह से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की साथ ही डॉ. जेबी. सिंह एवं डॉ. सरिता सिंह के साथ बिताए आत्मिय पलों एवं संबंधों को साझा किया। इस अवसर पर आनंद बहादुर सिंह, कुलबीर छाबड़ा, इंद्रकुमार वैष्णव, कमलजीत सिंह पिंटू और बड़ी संख्या में उनके कार्यकर्ता मौजूद थे।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com